INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-14 | मथुरा, बुधवार, 11 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

ईरान जंग का असर, मथुरा में गैस किल्लत

ब्लैक में बिक रहे सिलेंडर

जंग के कारण 30% गैस आपूर्ति प्रभावित, होटल–ढाबों में बढ़ी चिंता

घरेलू सिलेंडर 2000 और कमर्शियल 3000 तक ब्लैक में बिकने की शिकायत

होटल—रेस्टोरेंट के पास दो दिन का ही गैस स्टॉक बचा

यूनिक समय, मथुरा। अंतरराष्ट्रीय हालात का असर अब मथुरा में साफ दिखाई देने लगा है। अमेरिका–ईरान तनाव के कारण गैस आपूर्ति बाधित होने से देश में करीब 30 प्रतिशत गैस सप्लाई प्रभावित बताई जा रही है। इसका असर स्थानीय बाजारों और रसोई तक पहुंच गया है। कई जगह घरेलू एलपीजी सिलेंडर ब्लैक में 1800 से 2000 रुपये तक और कमर्शियल सिलेंडर करीब 3000 रुपये में बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जानकारों के अनुसार भारत अपनी कुल गैस खपत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों की आवाजाही प्रभावित होने से मध्य–पूर्व से आने वाली गैस सप्लाई में कमी आई है। इस स्थिति को देखते हुए

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गैस आवंटन की नई प्राथमिकताएं तय की हैं। इसके तहत एलपीजी, सीएनजी और पाइप्ड कुकिंग गैस को प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत आपूर्ति देने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि कमर्शियल उपयोगकर्ताओं को 80 प्रतिशत और उर्वरक इकाइयों को लगभग 70 प्रतिशत गैस देने की व्यवस्था की गई है। मथुरा के होटल और रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि उनके पास दो–तीन दिन से ज्यादा का गैस स्टॉक नहीं बचा है। कुछ छोटे ढाबों और भोजनालयों ने वैकल्पिक ईंधन की तलाश शुरू कर दी है, जबकि कई जगह बुकिंग कम की जा रही है। दूसरी ओर गैस की कमी का फायदा उठाकर कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायतें बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सप्लाई जल्द सामान्य नहीं हुई तो घरेलू रसोई से लेकर होटल–ढाबों तक बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। प्रशासन से कालाबाजारी रोकने और आपूर्ति व्यवस्था सुधारने की मांग की जा रही है।

सप्लाई संकट से थोक बाजार में तेल के उछले दाम

गैस के बाद अब खाद्य तेल महंगा रसोई पर दोहरी मार

सरसों, रिफाइंड और पॉम ऑयल के दाम बढ़े, बाजार में तेल की किल्लत बढ़ी

यूनिक समय, मथुरा/लखनऊ। आम आदमी की रसोई इन दिनों किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं लग रही। पहले गैस सिलेंडर की कमी ने लोगों की रसोई की आग ठंडी कर दी थी और अब खाने वाले तेल ने भी महंगाई की कड़ाही में छलांग लगा दी है। हालात ऐसे हैं कि लगता है जैसे रसोई भी अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नया मैदान बन गई हो। ईरान युद्ध का असर अब पेट्रोल–डीजल से निकलकर सीधे तड़के और पराठों तक पहुंच गया है। प्रदेश के थोक बाजारों में सरसों, रिफाइंड और पॉम ऑयल के दाम अचानक उछल गए हैं। जानकारी के मुताबिक सरसों तेल, जो कुछ दिन पहले तक करीब 130 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था, अब 160 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं 140 रुपये वाला सोया रिफाइंड 170 रुपये और पॉम ऑयल 155 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में माल की कमी है, इसलिए दाम आसमान छू रहे हैं। यानी अब रसोई में सब्जी से ज्यादा चर्चा तेल की होने लगी है। उधर विशेषज्ञ बताते हैं कि सरसों की

नई फसल तैयार हो चुकी है, कुछ जगहों पर कटाई भी शुरू हो गई है, लेकिन इसके बावजूद कीमतों में इतनी तेजी चिंता बढ़ाने वाली है। व्यापारियों का यह भी कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर तेल के टिन सीज कर दिए गए, जिससे बाजार में आपूर्ति और कम हो गई। दिलचस्प बात यह है कि नमूने लिए हुए दो हफ्ते से ज्यादा हो गए, लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इस बीच आम जनता की हालत ऐसी हो गई है कि अब रसोई में सब्जी बनाते समय पहले तेल की मात्रा गिनी जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में रसोई का बजट संभालना किसी गणित के कठिन सवाल से कम नहीं होगा। कुल मिलाकर हालात ऐसे हैं कि गैस, तेल और महंगाई ने मिलकर रसोई को ही सबसे बड़ा रणक्षेत्र बना दिया है।

अमृत सरोवरों की निगरानी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी

गांव–गांव होगा जल गुणवत्ता परीक्षण

हर गांव से दो महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

फील्ड टेस्टिंग किट से होगी पानी की प्रारंभिक जांच

विशेष संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की पहल की है। ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार अब गांवों की महिलाएं जल गुणवत्ता परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और अमृत सरोवरों के पानी की नियमित जांच में सहयोग करेंगी। इस योजना के तहत प्रत्येक गांव से कम से कम दो महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये महिलाएं फील्ड टेस्टिंग किट की मदद से अमृत सरोवरों के पानी की प्रारंभिक जांच करेंगी। इससे जल स्रोतों की स्थिति का पता स्थानीय स्तर पर ही जल्दी लग सकेगा और जरूरत पड़ने पर समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे। ग्रामीण विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के अनुसार इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण को जनभागीदारी से

जोड़ना है। महिलाओं की भागीदारी से न केवल जल गुणवत्ता की निगरानी मजबूत होगी, बल्कि गांवों में स्वच्छ जल के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही ग्राम स्तर पर स्थापित प्रयोगशालाओं में भी पानी के नमूनों की विस्तृत जांच की व्यवस्था की जाएगी। इससे फील्ड स्तर पर की गई प्रारंभिक जांच के बाद वैज्ञानिक तरीके से पानी की गुणवत्ता का परीक्षण संभव हो सकेगा। सरकार का मानना है कि इस तकनीकी और सामुदायिक प्रयास से अमृत सरोवरों की देखरेख अधिक प्रभावी होगी। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से जल संरक्षण की पहल को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को भी गति मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पहल से गांवों में महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा और जल प्रबंधन में उनकी भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण बन सकेगी।

मथुरा में एसआई भर्ती परीक्षा की तैयारी पूरी

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। प्रदेश में होने वाली पुलिस उपनिरीक्षक एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद में प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। यह परीक्षा 14 व 15 मार्च को होगी। प्रदेश भर में करीब 4300 पदों के लिए लगभग साढ़े चार लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मथुरा जिले में इस परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां लगभग 9000 परीक्षार्थी दो दिनों में आयोजित होने वाली परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। परीक्षा के लिए प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमरेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि पुलिस विभाग की ओर से एसपी (सिटी) राजीव कुमार व्यवस्था की निगरानी करेंगे। परीक्षा के ऑब्जर्वर

17 केंद्रों पर 9000 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

के रूप में आगरा नारकोटिक्स में तैनात सीओ उमेश पवार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षा 14 और 15 मार्च को दो–दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान नकल पर अंकुश लगाने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट और साइबर कैफे की दुकानों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

प्रभाव | राज्यपाल के निरीक्षण का असर

बाल गृह के दस बच्चों को स्कूल में मिलेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। वृंदावन के चेतन्य विहार स्थित बाल गृह (बालिका) में इस समय 98 दस साल से लेकर 18 साल तक की बालिकाएं हैं। इनमें दस निराश्रित बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल में प्रवेश कराया जाएगा। इसके साथ ही यहां ऑपिन जिम और पार्क सहित अन्य सुधार किए जाने के लिए राज्यपाल ने कहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि वृंदावन के बालिका बाल गृह का निरीक्षण प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन

बाल गृह में खुलेगी ओपन जिम तथा पार्क का होगा निर्माण

पटेल ने किया। उन्होंने यहां के रख–रखाव को देखने के बाद निराश्रित बच्चों को स्कूल में पढ़ाने के लिए उनका एडमिशन कराने की बात कही। यहां बच्चों को पढ़ाने के लिए दो महिला शिक्षिका है। बच्चों के स्वास्थ्य को देख रेख करने के लिए दो नर्स भी है। इस पर उन्होंने यहां एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। जिला अस्पताल से एक डॉक्टर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हर सप्ताह आता है। उन्होंने इसके साथ ही यहां पार्क बनाने और ओपन जिम की स्थापना कराने को भी कहा।

जिला कारागार में भी 19 बच्चों को मिल रहा है घर जैसा माहौल

यूनिक समय, मथुरा। जिला कारागार में निरुद्ध महिलाओं के छह साल तक के 19 बच्चों का लालन पालन कारागार में अच्छी तरह से हो रहा है। इनके लिए कारागार में पढ़ने से लेकर खेलने की अच्छी व्यवस्था है। जिला कारागार में निरुद्ध महिलाओं के बच्चों के लिए कारागार में उन्हें परिवार जैसा आभास कराया जा रहा है। बच्चों को पढ़ाने के लिए दो महिला शिक्षकों द्वारा उन्हें बेसिक चीजों की पढ़ाई कराई जाती है। इसके साथ ही उनके स्वस्थ्य को भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कारागार अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि जेल में निरुद्ध ऐसी महिलाओं के जिनके बच्चे कारागार

खेलने के लिए बनी है बालवाड़ी

में पैदा हुए हैं अथवा जिन महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद उनके दूध पीते बच्चे भी उनके साथ कारागार में आते हैं उनकी आयु 6 साल तक की है। उनके लिए कारागार में अलग तरह से व्यवस्था की गई है। बच्चों को खेलने के लिए बालवाड़ी बनी हुई है। उनके लिए क्रच भी बना हुआ है। बच्चों का समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। उन्हें घर जैसा अहसास कराया जाता है। इस समय इस तरह के 19 बच्चे यहां मौजूद हैं।

विशेष अनुरोध

यदि आपको यूनिक समय समाचार पत्र की प्रति (कॉपी) प्राप्त नहीं हो रही है तो हमारे इस मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।
8394983366

अब पांच साल में नहीं बल्कि हर वर्ष देना होगा अचल संपत्ति का विवरण

कर्मचारियों की संपत्ति पर सरकार सख्त

विशेष संवाददाता

यूनिक समय मथुरा/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। नए संशोधन के तहत अब सरकारी कर्मचारियों को अपनी अचल संपत्ति का विवरण हर वर्ष देना अनिवार्य होगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि आचरण नियमावली के नियम–21 और नियम–24 में संशोधन किया गया है। पहले नियमों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को प्रत्येक पांच वर्ष की अवधि पूरी होने पर अपनी अचल संपत्ति की घोषणा करनी होती थी, लेकिन अब इस व्यवस्था को बदल दिया गया है। संशोधित नियम के तहत अब हर सरकारी कर्मचारी को प्रत्येक एक वर्ष की अवधि पूरी होने पर अपनी अचल संपत्ति का विवरण देना होगा। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और कर्मचारियों की संपत्ति से संबंधित जानकारी नियमित रूप से अद्यतन होती रहेगी। सरकार के अनुसार यह कदम भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और प्रशासनिक प्रणाली को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वार्षिक संपत्ति घोषणा से कर्मचारियों की संपत्ति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट रहेगा, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की स्थिति में जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो सकेगी। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह संशोधन प्रशासनिक सुधार और सुशासन की दिशा में उठाया गया कदम है। अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था लागू होने से सरकारी तंत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और कर्मचारियों के सेवा आचरण को अधिक व्यवस्थित ढंग से मॉनिटर किया जा सकेगा।

तापमान / मौसम

36 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

22 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

सोना–चांदी भाव

सोना

24 कैरेट 1,61,000

22 कैरेट 1,48,120

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

चांदी

2,72,000 प्रति किलो

रंगीली कुंज में प्रगटे स्वामी श्री हरिदास, निधिवन पहुंची बधाई

व्यासपीठ से बरसी 'नित्य विहार' की पीयूष धारा

रंगीली कुंज में आयोजित कार्यक्रम में विद्वतजन।

यूनिक समय, वृंदावन। श्री रंगीली कुंज आश्रम में चल रहे 'केलीमाल महारस महोत्सव' के ऐतिहासिक 107 वें दिन वह मंगलकारी घड़ी आई, जिसकी प्रतीक्षा हर रसिक हृदय को थी। संगीत सम्राट, रसिक अनन्य नृपति और साक्षात ललिता सखी के अवतार स्वामी हरिदास महाराज का प्राकट्य उत्सव अत्यंत ही भावपूर्ण और दिव्य वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर समूचा परिसर 'हरिदास–मयी' हो गया। स्वामी से हरिदास जी के प्राकट्य के साथ ही निधिवन राज में बधाई भेजी। महोत्सव की गरिमामयी व्यासपीठ से बाबा श्री कुंज बिहारी दास 'भक्तिमाली' ने स्वामी श्री हरिदास जी महाराज के प्राकट्य की अलौकिक कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि स्वामी हरिदास जी कोई साधारण संत नहीं, बल्कि निकुंज की अधिष्ठात्री ललिता सखी का वह स्वरूप हैं, जो कलयुग के जीवों को 'नित्य विहार' का मार्ग दिखाने के लिए धरा पर अवतरित हुए। महाराज श्री ने रसिकों को भाव–विभोर करते हुए बताया कि, "स्वामी जी महाराज निरंतर श्री बिहारी–बिहारिणी जी की अंतरंग लीलाओं में मग्न रहते थे। उन्होंने ही निधिवन राज के घने कुंजों में अपनी स्वर–साधना और अनन्य प्रेम से साक्षात श्री बांके बिहारी जी को प्रकट किया। उन्होंने स्वामी जी की रस–पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केलीमाल के पद केवल कविता नहीं, बल्कि रस की साक्षात विग्रह मूर्तियां हैं। उत्सव का आनंद तब अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँच गया जब सुप्रसिद्ध भजन गायक कुंज बिहारी दास महाराज ने अपने कंठ से बधाई गान शुरू किया। बरसाना से आए मोर कुटी वाले जयदेव महाराज ने कहा कि केलीमाल महोत्सव में जो रस बरस रहा है। वह श्री राधा–कृष्ण की अत्यंत गोपनीय और अंतरंग लीलाओं का प्रसाद है। रंगीली कुंज के संस्थापक और महोत्सव के मुख्य सूत्रधार दासानुदास बाबा श्याम दास महाराज ने इस आध्यात्मिक उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला।

राज्यपाल ने बलदेव के छात्रों को किया सम्मानित

दुवासू के दीक्षांत समारोह में बलदेव क्षेत्र के विद्यार्थियों को पुरस्कृत करती यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

संवाददाता

यूनिक समय, बलदेव (मथुरा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान प्रांगण में आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गोद लिए गए गांवों के परिषदीय विद्यालयों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, बैग और उपहार देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने सम्मानित किए गए विद्यालयों के छात्रों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय–बंदी से अंजली, राखी, वंदना, परी, प्राथमिक विद्यालय–बंदी द्वितीय से डौली और प्रवीण कुमार, प्राथमिक विद्यालय मढ़ौरा से आदेश कुमार और पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोक नगर से अंशु कुमारी प्रमुख हैं। विदित हो कि विकास खंड बलदेव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय–बंदी, प्राथमिक विद्यालय–बंदी द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय मढ़ौरा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोक नगर के छात्रों ने हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान प्रांगण में जनपद के गोद लिए गए विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों के साथ कठिन प्रतिस्पर्धा के मध्य चित्रकला, भाषण एवं गायन जैसी कलात्मक प्रतियोगिताओं में अग्रणी स्थान प्राप्त कर विकास खंड बलदेव और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

हनुमान नगर में ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महासम्मेलन का होली मिलन समारोह संपन्न

यूनिक समय, मथुरा। अखिल भारतीय ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महासम्मेलन आगरा की शाखा सभा मथुरा के तत्वावधान में हनुमान नगर स्थित हनुमान मंदिर में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित हीरालाल शर्मा ने की। समारोह का शुभारंभ हवन–पूजन से हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इसके बाद भगवान परशुराम और दुर्गा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। बाहर से आए अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में हरि शंकर गौतम द्वारा प्रस्तुत होली गीत और भजनों पर उपस्थित लोगों ने जमकर आनंद लिया। वहीं प्रसिद्ध कवि पंडित आचार्य निर्मल के काव्य पाठ ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बृजमोहन शर्मा, सुधीर शर्मा, सुशीला पाठक, गया प्रसाद शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दयाशंकर शर्मा ने किया।

मोहिनी स्वरूप में भगवान रंगनाथ निकले पालकी में

पालकी पर सवार मोहिनी स्वरूप में रंगनाथ भगवान।

यूनिक समय, वृंदावन। उत्तर भारत के प्रसिद्ध श्री रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव में पंचम दिवस ठाकुर रंगनाथ भगवान माहिना स्वरूप म रजत नामत पालकी में सवार होकर भक्तों को कृतार्थ करने निकले। प्रभु के अदभुत स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों में भारी उल्लास देखा गया। गर्भगृह से स्वर्णाभूषण से अलंकृत ठाकुर जी को रजत निर्मित पालकी में विराजित कर कुंभ आरती उतारी गई। उसके बाद बैंड बाजे और दक्षिण के परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ सवारी श्री वैष्णव संप्रदाय के प्रमुख स्थानों पर होते हुए रंगजी के बड़ा बगीचा पहुंची। कुछ समय विश्राम के बाद ठाकुर जी सवारी श्री वैष्णव संप्रदाय से जुड़े मंदिर देवालयों में पहुंची।

दिव्यांग लोगों के लिए कृत्रिम अंग शिविर 16 को

यूनिक समय, मथुरा। जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि ऑटोबॉक इंडिया, डॉसीजी रोड चेंबूर, मुबई द्वारा अंग प्रत्यारोपण शिविर और स्क्रीनिंग शिविर के माध्यम से गरीब शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को निशुल्क कृत्रिम अंग के लिए 16 मार्च को राजीव भवन परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलाकारों ने रंगोत्सव और ताज महोत्सव में किया लीला मंचन

रंगोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, वृंदावन। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के कलाकारों ने रंगोत्सव के अंतर्गत गीता शोध संस्थान वृंदावन के ओपन एयर थिएटर में एवं दो विश्वविद्यालयों के समारोहों में रामलीला का मंचन किया। अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक–बालिकाओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। गीता शोध संस्थान के प्रशिक्षणार्थी बालक व बालिकाओं ने 10 मार्च को स्थानीय ओपन एयर थियेटर पर "मुदरिया चोरी" लीला का मंचन किया। उपसभापति मुकेश सारस्वत, समाजसेवी उदयन शर्मा, कथा वाचक मोहिनी कृष्ण दासी, भजन गायक शिवम, विनय गोस्वामी व कपिल उपाध्याय आदि अतिथि थे। इससे पहले शारदा विश्वविद्यालय, आगरा में "नित्य रासलीला" का मंचन किया गया। दोनों मंचन का निर्देशन संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना ने किया। कोरियोग्राफी एवं कथक नृत्य का प्रशिक्षण मानसी राजपूत ने दिया। हारमोनियम पर आकाश शर्मा ने संगति की। ऋतु सिंह ने वस्त्र–विन्यास का दायित्व संभाला। यह जानकारी गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक (जनसंपर्क विभाग) चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने दी।

विहिप ब्रज प्रांत का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

रसिया और लोक नृत्यों पर झूमे श्रद्धालु

मुख्य संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत के बैनर तले होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक ब्रज संस्कृति के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राधा रानी भजन, कृष्ण वंदना, महारास, लोकगीत, मयूर नृत्य, ब्रज लोक नृत्य, चरकुला नृत्य और होली के रसिया प्रस्तुत किए। इन पर उपस्थित लोग झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर ठाकुर केशवदेव के दर्शन कर व राधा कृष्ण के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश, प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार, प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल, विधायक श्रीकांत शर्मा, राघवेंद्र सिंह, महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, गोरे दाऊजी मंदिर के महंत प्रहलाद दास महाराज तथा पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग ने किया। कलाकारों ने ब्रज की पारंपरिक होली रसिया प्रस्तुत किए, जिनमें "आज बिरज में होली रे रसिया", "उड़त गुलाल लाल भए बादर" और "रंग बरसे नंदलाल के आंगन" जैसे रसियों ने माहौल को पूरी तरह ब्रजमय बना दिया। मयूर नृत्य और चरकुला नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भगवताचार्य रमाकांत गोस्वामी, भगवताचार्य मृदुलकांत शास्त्री, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, सुनील पाराशर, जिला अध्यक्ष गोकुलेश गौतम, रणवीर सिंह, योगेश, नितिन चौधरी, वत्सल भाटिया, सुरजीत सिंह, गोपाल सिंह, उमाकांत, विमल, नीरज शर्मा, आशीष शर्मा, विष्णु चौहान, विजय चौहान तथा संतोष राजोरिया आदि उपस्थित थे।

विश्व हिंदू परिषद के होली मिलन समारोह में राधाकृष्ण स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेलते प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल एवं पदाधिकारी।

प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर दिखाई क्रूरता

बहू ने प्रेमी संग मिलकर सास को मार डाला

यूनिक समय, राया (मथुरा)। थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत गांव भंकरपुर बसैला में पुलिस ने एक सप्ताह पहले वृद्ध महिला के हत्याकांड का खुलासा किया है। पुत्रवधू को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में देख लेने पर बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास की तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी और इसे हार्ट अटैक का रूप देकर मृतका के शव को कब्रिस्तान में दफन करवा दिया गया। क्षेत्राधिकारी महावन श्वेता वर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि दो मार्च को भंकरपुर बसेला निवासी अनवरी बेगम की मौत हो गयी थी उस समय मृतका के पति अनवर गांव से बाहर थे। 3 मार्च को अनवरी के शव को दफना दिया गया। दो दिन बाद पुत्रवधु हिना का ननद से झगड़ा होने पर हिना ने हत्या करने की बात कही। इस बात को लेकर पति अनवर को शक होने पर 8 मार्च को महिला के पति अनवर खान ने एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया वही डीएम से मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने की गुहार लगायी। इस मामले में पुलिस ने मृतका की पुत्रवधू हिना और उसका प्रेमी आदिल को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया और

सास की हत्या करने के आरोप में पकड़ी गयी पुत्र वधू व प्रेमी के बारे में जानकारी देतीं सीओ महावन श्वेता वर्मा।

भंकरपुर बसैला में महिला हत्याकांड का खुलासा

जिलाधिकारी के आदेश पर प्रसाशनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मृतका के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया । पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका की मौत का कारण सांस घुटने के कारण बतायी गयी। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तकिया भी बरामद कर लिया जिससे मुंह दबाकर सास की हत्या की गयी थी। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह एवं क्राइम प्रभारी अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

दिल्ली की भाजपा सरकार से गुहार

उत्तम नगर के तरूण खटीक के हत्यारों को पकड़ा जाए

दिल्ली में तरूण खटीक की हत्यारों को सजा दिलाने की मांग को लेकर मथुरा में प्रदर्शन करते स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के कार्यकर्ता।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। दिल्ली के उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति के तरुण खटीक की हत्या को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुस्सा दिखाया। आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार का कोई व्यक्ति या स्वयं दिल्ली प्रदेश की मुखिया रेखा गुप्ता पीड़ित परिवार का हाल-चाल पूछने नहीं गई है। इससे यह साबित हो रहा है कि खटीक समाज दिल्ली सरकार के सामने असहाय महसूस कर रहा है। स्वराज भारतीय न्याय पार्टी ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से तरुण खटीक के परिवार को दो करोड़ का मुआवजा, परिवार को एक व्यक्ति को नौकरी और हत्यारो को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र और दिल्ली सरकार इस प्रकरण की तरफ कोई ध्यान नहीं देती तो स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के बैनर तले भारत वर्ष का खटीक समाज एकजुट होकर के दिल्ली के जंतर मंतर पर आंदोलन करेगा। मथुरा में ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष रामदास सिंह, प्रदेश प्रभारी पूरन प्रधान, प्रदेश सचिव राकेश कुमार, राष्ट्रीय प्रमुखता दिलीप कुमार, नगर अध्यक्ष पूरन सिंह, नगर उपाध्यक्ष बबलू, नगर उपाध्यक्ष होटेलाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू आदि उपस्थित थे।

मथुरा में दबंगों का तांडव

मकान निर्माण विवाद में दंपति पर लाठी-डंडों से हमला

यूनिक समय, मथुरा। कोसीकलां थाना क्षेत्र में दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां तांगड़ा मोहल्ला में मकान निर्माण को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक दंपत्ति पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बठैन गेट के पास स्थित बंबा पलिया इलाके की बताई जा रही है। बताया गया कि यहां मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई।

इसके बाद कुछ दबंगों ने दंपत्ति पर लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग खुलेआम मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 7 मार्च का है, लेकिन अब सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

वीडियो वायरल

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो कानून का डर खत्म हो सकता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और पीड़ितों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

मथुरा में दो साल में 2.32 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री

मार्च के अंत तक 42 हजार का नया लक्ष्य

कृषि विभाग ने तेज की प्रक्रिया, किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

मुख्य संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। जिले में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृषि विभाग द्वारा कराई जा रही फार्मर रजिस्ट्री का काम लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले करीब दो वर्षों में जनपद में अब तक लगभग 2 लाख 32 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी की जा चुकी है। विभाग का लक्ष्य है कि इस माह के अंत तक शेष किसानों की रजिस्ट्री भी पूरी कर ली जाए। उप निदेशक कृषि बसंत कुमार दुबे ने बताया कि किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य किया गया है। इसी के तहत जिले में लगातार अभियान चलाकर किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 2.32 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मार्च माह के अंत तक लगभग 42 हजार नई फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय टीमों को इसके लिए सक्रिय किया गया है। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के भीतर इस लक्ष्य को पूरा करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कृषि विभाग के अनुसार फार्म रजिस्ट्री होने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र अनुदान, फसल बीमा तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

इसके साथ ही किसानों की जमीन और खेती से जुड़ी जानकारी भी सरकारी रिकॉर्ड में अपडेट हो जाती है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाना आसान हो जाता है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी किसान समय पर फार्मर रजिस्ट्री करा लेते हैं तो भविष्य में मिलने वाली सरकारी योजनाओं और अनुदानों का लाभ उन्हें बिना किसी परेशानी के मिल सकेगा।

अड़ींग भांतु कॉलोनी में विवाद

दो महिलाओं का शांति भंग में चालान

संवाददाता

यूनिक समय, गोवर्धन। अड़ींग क्षेत्र की भांतु कॉलोनी में आपसी विवाद के चलते शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति बनने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं के खिलाफ चालान किया है। बताया जाता है कि कॉलोनी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक हंगामा होता रहा। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर अड़ींग चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान प्रकाश पत्नी कमलेश तथा हिना पत्नी राकेश, निवासी भाँतु कॉलोनी अड़ींग को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों के खिलाफ पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में चालान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। अड़ींग पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया ने बताया कि भांतु कॉलोनी में आपसी विवाद के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

अपराधियों के खिलाफ एसएसपी की मुहिम तेज

पुलिस का यक्ष एप कर रहा है अपराधियों का सत्यपान

कार्यालय संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थानों में अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर दबाव बनाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान यक्ष–एप के माध्यम से अपराधियों का बड़े स्तर पर सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान जिले में 8791 तो मथुरा कोतवाली पुलिस ने सबसे अधिक अपराधियों का सत्यापन किया। इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों को अपने थाने के चिन्हित अपराधियों एवं अभियुक्तों का मौके पर जाकर यक्ष–एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन करने को कहा गया था। जनपद के विभिन्न थानों से अपराधियों का सत्यापन किया गया।

शहर कोतवाली पुलिस ने 949 अपराधियों का मौके पर जाकर स्तयापन किया। थाना जैंत पुलिस ने 746, राया 595, शेरगढ़ ने 561, जमुनापार ने 537, गोविंदनगर ने 521, मगोर्रा ने 474, छाता ने 451, कोसीकलां ने 415, बलदेव ने 403, हाईवे 402, बरसाना ने 391, गोवर्धन ने 348, मांट ने 336, रिफाइनरी ने 325, नौहझील ने 280, वृन्दावन ने 277, थाना सदर बाजार ने 243, महावन ने 215, सुरीर ने 167,फरह ने 155 अपराधियों का सत्यापन किया। बताया गया कि ये अभियान आगे भी चालू रहेगा। इसके साथ ही चिन्हित शेष बचे अन्य अपराधियों का भी सत्यापन कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की वर्तमान स्थिति और उनकी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहे और जिससे जनपद में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनी रहे।

जिले में 8791अपराधियों का किया सत्यापन

मथुरा कोतवाली क्षेत्र में 949 का सत्यापन

अवैध कॉलोनी और अतिक्रमण पर चला विप्रा का बुलडोजर

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अनाधिकृत निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। मौजा अहिल्यागंज खादर स्थित तीन वन परिक्रमा मार्ग पर श्री कांशीराम शहरी आवास योजना के पास लगभग 7000 वर्गमीटर क्षेत्र में बिना स्वीकृति के भू–विभाजन कर कच्ची सड़क बनाकर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस मामले में प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत वाद दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान निर्माणकर्ताओं द्वारा कोई जवाब

प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद 9 फरवरी 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए गए। इसके अलावा थाना जैत क्षेत्र के मौजा जैंत में स्वीकृत लेआउट हरेकृष्णा धाम (ट्रिनिटी कॉलोनी) में सड़क और ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई में किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान गोविंदनगर और जैंत थाना पुलिस के साथ प्रवर्तन दल मौजूद रहा।

एनएसएस के विशेष शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन

एनएसएस के विशेष शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ शिक्षक।

यूनिक समय, वृंदावन। आईओपी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन 'सांस्कृतिक' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. पी.के. सारस्वत एवं बीआईएमटी कॉलेज, वृन्दावन लॉ कॉलेज, बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य का स्वागत कर कार्यक्रम संचालित किया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रार्थना, संकल्प गीत, शास्त्रीय नृत्य, कविता, वन्दे मातरम् गीत, क्लासिक डांस, अंत में राष्ट्र गान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन किया। प्राचार्य प्रो.पी.के. सारस्वत ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ–साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी रूचि रखने का आह्वान किया। संचालन करते हुए एनसीसी अधिकारी पवित्र गोस्वामी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. अनंत कुमार यादव, प्रो. योगेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, प्रो. संजय कुमार सिंह, प्रो. दीपिका वर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, सुनीत शुक्ला, पवित्र गोस्वामी, धर्मेन्द्र कुमार, सुभाष कृष्ण सरकार तथा सौरभ कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे।

प्रशिक्षणार्थियों को पांडुलिपि फोल्डर बनाना सिखाया

वृंदावन शोध संस्थान में पांडुलिपि संरक्षण के बारे में जानकारी लेती छात्राएं।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, वृंदावन। वृन्दावन शोध संस्थान में पाँच दिवसीय प्राथमिक एवं उपचारात्मक संरक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन प्राथमिक संरक्षण, पांडुलिपि संरक्षण का वातावरण एवं फँगल इन्फैक्शन आदि के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधान शाला, लखनऊ के पूर्व प्रशिक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षणार्थियों को पांडुलिपि फोल्डर बनाना सिखाया। पांडुलिपि के संरक्षण हेतु वातावरण एवं दशायें जैसे– प्रकाश, तापमान, आर्द्रता एवं पराबैगनी विकिरण से रक्षा के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही कीड़े–मकोड़े एवं फँगल इन्फैक्शन से रक्षा के उपायों पर भी चर्चा हुई। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने भी संस्थान में चल रहे पांडुलिपियों के संरक्षण कार्य पर प्रकाश डाला। संरक्षण सहायक करवेंद्र सिंह ने कार्यशाला के बारे में अवगत कराया। कार्यशाला में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, संपूर्णानंद संस्कृति विवि, डॉ. बी.आर. आंबेडकर विवि, रीजनल आयुर्वेदिक रिसर्च इंस्टीटयूट, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय, के अलावा कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, पटना, पूणे, मथुरा, गोवर्धन आदि के प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

साइबर फ्रॉड से बचने के लिए छात्राओं को दिए टिप्स

किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में प्राचार्या प्रो. पल्लवी सिंह के निर्देशन में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम थाना निरीक्षक राजकुमार ने डिजिटल इंडिया के दौर में बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचने के लिए हेल्पलाइन नंबर (1930) के बारे में बताया। महिला अधिकारी अनामिका ने साइबर फ्रॉड से कैसे बचा जाए एवं यूआरएल के विषय में जानकारी दी गई। हेड कांस्टेबल अजेन्द्र सिंह ने मोबाइल एप को कैसे सुरक्षित रखें और प्रयोग करें इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। हेड कांस्टेबल अनूप कुमार और दिया रानी ने पुलिस विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. रितु सुरेश और डॉ. ज्योतेश चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ. आदिति शर्मा, अनुपम गौतम एवं डॉ. शीला देवी आदि उपस्थित थी।

साइबर जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को बताए बचाव के तरीके

जनमानस से धूम्रपान से दूर रहने का आह्वान

महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल के साथ अन्य डॉक्टर्स।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। धूम्रपान निषेध दिवस पर विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय परिसर स्थित एनसीडी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल ने जनमानस को धूम्रपान से दूर रहने का आह्वान किया। कहा कि धुम्रपान से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान का फेफड़ों और शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही स्मोकिंग करने से आसपास का वातावरण भी प्रदूषित होता है जिससे अन्य लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। डॉ. अमन ने कहा कि सिगरेट और बीड़ी पीने वाले लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में धूम्रपान के साथ–साथ कई प्रकार के नशे भी लोगों के जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। "स्मोकिंग करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है" इस संदेश को सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. अमरचंद, डॉ. अमिताभ पांडेय, डॉ. लाल सिंह, डॉ. रितु रंजन, दिव्या, मोनिका, शिल्पी, मनीष आदि उपस्थित थे।

ईरान पर अमेरिकी–इजराइली हमले के विरोध में निकाला शांति मार्च

विकास बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने युद्ध का विरोध करते विपक्षी दलों के कार्यकर्ता।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के आह्वान पर अखिल भारतीय सांप्रदायिकता विरोधी समिति के संयुक्त तत्वावधान में ईरान पर अमेरिकी–इजराइली हमले के विरोध में नागरिक शांति मार्च निकाला गया। यह मार्च डेंपियर नगर स्थित भगत सिंह प्रतिमा से प्रारंभ होकर विकास बाजार स्थित गांधी स्मारक तक गया। इसमें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी भाग लिया। शांति मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'अमरीकी साम्राज्यवाद मुर्दाबाद', 'ट्रंप तेरी तानाशाही नहीं चलेगी', 'विश्व शांति जिंदाबाद' और 'अमरीका–इजरायल मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए। मार्च में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लेकर युद्ध के विरोध में आवाज उठाई। गांधी स्मारक पर आयोजित सभा की अध्यक्षता सांप्रदायिकता विरोधी समिति के नेता शिवदत्त चतुर्वेदी ने की। सभा को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के नेता नसीर शाह एडवोकेट, मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गफ्फार अब्बास एडवोकेट, नरेंद्र सिसोदिया, याकूब शाह, सीपीएम के टीकेंद्र शाद, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर, सांप्रदायिकता विरोधी समिति के मनोज गौड़, एआईएसएफ के रवि शर्मा तथा समाजवादी पार्टी के प्रहलाद यादव ने ईरान पर हमले की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि जिनेवा वार्ता जारी रहते हुए ईरान पर एक तरफा हमला कर युद्ध की शुरुआत करना विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल के गठजोड़ को इसकी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इससे स्वतंत्र देशों की संप्रभुता पर खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक तनाव का असर आम जनता पर भी पड़ रहा है। महंगाई तथा एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी से आम आदमी प्रभावित हो रहा है। शांति मार्च में लोकतंत्र सेनानी रूप किशोर, राधा चौधरी, गीता दिवाकर, एडवोकेट वर्षा रानी, एडवोकेट चारु सिंह, सीपीआई के नगर सचिव अब्दुल अशफाक, सोहनलाल, दुर्गा प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, अमीर चंद, पदम सिंह, सीपीआई (माले) के विशन चंद, अमन शाह, विवेक रियार, एडवोकेट राहुल अमीन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

विकास और विश्वास की नई पहचान उत्तर प्रदेश

यूनिक समय, मथुरा। भाजपा के जिला प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ने यूपी की योगी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रतिक्रिया कुछ ऐसी दी। कहा कि विकास और विश्वास की नई पहचान उत्तर प्रदेश है। कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधताओं से भरे राज्य में सुशासन स्थापित करना किसी भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होती है। किंतु योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते चार वर्षों में जिस प्रकार विकास, सुरक्षा और प्रशासनिक पारदर्शिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उसने प्रदेश की राजनीति और प्रशासन को नई दिशा प्रदान की है। आज "चार वर्ष बेमिसाल" केवल एक नारा नहीं बल्कि प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक बन चुका है।

जीएलए विश्वविद्यालय में अंगदान जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं से अपील

युवा बनें अंगदान के ब्रांड एंबेसडर: रोटेरियन लाल गोयल

यूनिक समय, मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटेरियन लाल गोयल, संस्थापक एवं चार्टर अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ ऑर्गन डोनेशन इंटरनेशनल तथा अध्यक्ष, ऑर्गन डोनेशन इंडिया फाउंडेशन एवं ज्ञान, ने भारत के युवाओं से "अंगदान के ब्रांड एंबेसडर" बनने का आह्वान किया। अंगदान में युवाओं की भूमिका" विषय पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में अंगदान की स्थिति को बदलने की वास्तविक शक्ति युवाओं के हाथों में है। उन्होंने कहा, "आज का युवा डिजिटल रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से जुड़ा हुआ और बौद्धिक रूप से जागरूक है। यदि वे अंगदान के प्रति सही और सकारात्मक जानकारी फैलाने में अपनी ऊर्जा और प्रभाव का उपयोग करें, तो हजारों अनमोल जीवन बचाए जा सकते हैं।" रोटेरियन लाल गोयल ने बताया कि भारत में चिकित्सा विज्ञान ने उल्लेखनीय प्रगति की है, किन्तु सामाजिक संकोच, भ्रांतियाँ, जागरूकता की कमी तथा अपर्याप्त आधारभूत संरचना अंगदान की दर को प्रभावित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मिथकों को दूर करें, परिवारों में संवाद शुरू करें और स्वयं अंगदान का संकल्प लें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रोटेरियन पीएचएफ दीपक गोयल, फाउंडेशन चेयर (2026–27) ने रोटरी इंटरनेशनल तथा उसके मानवीय मिशन की जानकारी दी।

जीएलए विश्वविद्यालय में युवाओं की अंगदान में भूमिका पर कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथिगण।

रोटेरियन पीएचएफ ऋतिका गुप्ता, इंस्पायर प्रेसिडेंट ने रोटरी क्लब ऑफ ऑर्गन डोनेशन इंटरनेशनल की दृष्टि और चल रही पहलों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह रहा जब अमेरिका के कैलिफोर्निया (सनीवेल) से आए रोटेरियन दम्पति सुनील और रेजिना गुप्ता ने किडनी प्राप्तकर्ता और दाता के रूप में अपनी जीवन यात्रा साझा की। यह अंगदान के जीवन बदल देने वाले प्रभाव का जीवंत उदाहरण था। इंटेल में कार्यरत व्यवसायिक नेता रोटेरियन सुनील गुप्ता ने अपने प्रत्यारोपण अनुभव को साझा करते हुए कहा, हमारे ऑपरेशन को 15 वर्ष हो चुके हैं और हम आज पूर्णतरू स्वस्थ और संतुष्ट जीवन जी रहे हैं। रोटेरियन रेजिना गुप्ता ने बताया कि अपने पति को किडनी दान करने के निर्णय में उन्हें अपने दिवंगत पिता, मित्रों और परिवार का पूरा सहयोग मिला। ऑपरेशन के दो दिन बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई, नौ दिनों में उन्होंने पुनः कार्य शुरू कर दिया और आज बिना किसी दीर्घकालिक दवा के सामान्य जीवन जी रही हैं, जो जीवित दान को लेकर लोगों की आशंकाओं को दूर करता है। उत्तर प्रदेश के प्रख्यात सामाजिक एवं राजनीतिक नेता रोटेरियन प्रदीप माथुर ने रोटेरियन लाल गोयल के समर्पण की सराहना करते हुए छात्रों एवं शिक्षकों से अंगदान का संकल्प लेने और जीवन बचाने के इस अभियान में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान रोटेरियन लाल गोयल ने विद्यार्थियों के अनेक विचारोत्तेजक प्रश्नों के उत्तर दिए, जिससे युवाओं में अंगदान को लेकर बढ़ती जिज्ञासा और जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अनूप कुमार गुप्ता ने रोटेरियन लाल गोयल के इस महान कार्य के प्रति निरंतर समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सत्र छात्रों को प्रेरित करने के साथ–साथ जमीनी स्तर पर अंगदान आंदोलन को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम के अंत में मंचासीन अतिथियों को स्मृति–चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन प्रतुल अग्रवाल (डायरेक्टर, यूथ), रोटेरियन अविनाश भार्गव (चार्टर सदस्य) सहित विश्वविद्यालय के निदेशकगण, डीन, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसरगण उपस्थित रहे, जो इस पुनीत उद्देश्य के प्रति संस्थान के सशक्त समर्थन को दर्शाता है। अपने समापन उद्बोधन में रोटेरियन लाल गोयल ने कुलपति, विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता इतनी अधिक थी कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दो सभागारों में एक साथ करना पड़ा, जो भारत के युवाओं के अंगदान आंदोलन का नेतृत्व करने के बढ़ते संकल्प का प्रमाण है।

सीबीएसई स्कूल एसोसिएशन का होली मिलन समारोह संपन्न

शिक्षाविदों ने मनाया रंगों और रिश्तों का उत्सव

सीबीएसई स्कूल एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में मथुरा के विभिन्न स्कूलों के पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। एसोसिएशन ऑफ सीबीएसई एफिलिएटेड स्कूल्स मथुरा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह 10 मार्च को होटल अभिनंदन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के 50 से अधिक सीबीएसई विद्यालयों के संचालक, प्रबंधक और प्रतिनिधि शामिल हुए। समारोह का आयोजन सनराइज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक निशांत शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का चंदन तिलक और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए फूलों से होली खेलकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक मनोज अग्रवाल और सीबीएसई कोऑर्डिनेटर मथुरा शैलेंद्र ग्रेवाल उपस्थित रहे।

उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग और समन्वय को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के संचालकों ने शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिल यदुवंशी (माउंट हिल स्कूल), अभिषेक गोयल (रमनलाल शेरावाला), आशीष भाटिया (ज्ञानदीप), अमरजीत सिंह (सिंबायोसिस), गौरव अग्रवाल (द मिलेनियम स्कूल), हिमांशु सिंह (सोफिया स्कूल), विन्सेंट पॉल (सेंट पोल्स), अनुपम शर्मा (हेरिटेज स्कूल), पुनीत प्रजापति (रियल इंटरनेशनल), राजीव राइजिंग स्टार), गिरधर (एसवीएस कारब), विपिन कुंतल (एमएस ग्लोबल), कुलदीप चौधरी (महाराजा अनंगपाल), अशोक अग्रवाल (अशोक इंटेलेक्चुअल), गिर्राज सिंह (सीइसआरवी), नारायण सिंह (आरके इंटरनेशनल), मार्तण्डदेव (सारंग हाई इंपैक्ट), सहित अनेक विद्यालय संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मां भगवती केला देवी का वार्षिक उत्सव 19 मार्च को

यूनिक समय, मथुरा। मंडी रामदास स्थित पाठक गली में प्राचीन मां भगवती केला देवी मंदिर में नव संवत्सर 2083 के उपलक्ष्य में 19 मार्च को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर के महंत पंडित आचार्य कन्हैया लाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें भक्तों ने कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे मंत्रोच्चार और शहनाई के साथ मां भगवती का 101 किलो दूध, दही, घी, बूरा, शहद, मेवा और केसर से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद देवी को नई पोशाक पहनाकर भव्य आरती होगी। सुबह 11 बजे कन्या लांगुरिया पूजन किया जाएगा। शाम 5 बजे से फूल बंगला सजाया जाएगा तथा मां भगवती को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। रात्रि में डमरू पार्टी द्वारा देवी जागरण का आयोजन होगा और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में डॉ. आशीष शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, कमल अग्रवाल सहित कई भक्त उपस्थित रहे।

सिन्धी पंचायत का होली मिलन समारोह

होली के रसिया सुन झूम उठे सिंधीजन

होली मिलन समारोह में शामिल सिंधीजन।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। सिन्धी जनरल पंचायत का होली मिलन समारोह बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में हुआ, जहां होली के रसिया सुन सिंधीजन झूम उठे। मंगलवार देर शाम तक चले कार्यक्रम में गीत भजन सहित हर प्रस्तुति पर लगातार तालियां बजती रही। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि लगातार 20 दिन चलने वाले सिंधी उत्सव चेटीचंड महोत्सव की शुरुआत होली मिलन से हो गई है। इसी के साथ 20 मार्च तक शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

समारोह में एक से बढ़कर एक लोकगीत सुनाए गए। होली संग रसिया में मंत्रमुग्ध भगवान झूलेलाल के अनुयायी सिंधीजन झूमते नाचते रहे। भक्ति संगीत संग फूलों की बौछार के बीच सिंधीजन भक्ति और आनंद में सराबोर हो गए। इस मौके पर अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने कहा कि 13 मार्च को स्वामी लीलाशाह जयंती मनाई जाएगी। 16 मार्च को सिंधी नवयुवक मंडल के सौजन्य से नगर में दोपहिया वाहन रैली में निकाली जाएगी। पंडित मोहन महाराज ने भगवान झूलेलाल की स्तुति कराई। इस मौके पर महामंत्री बसंतलाल मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, जीवतराम चन्दानी, डॉ. प्रदीप उकरानी, कन्हैयालाल भाईजी, गुरुमुखदास गंगवानी, सुरेशचन्द मेठवानी, जितेन्द्र लालवानी, भगवानदास मंगवानी बेबूभाई, रमेश नाथानी, जितेन्द्र भाटिया, पीताम्बरदास रोहेरा, झामनदास नाथानी, चन्दनलाल आडवानी, सुदामालाल खत्री, हरीश चावला, अशोक अंदानी, गिरधारीलाल नायानी, महेश घावरी, दौलतराम खत्री, कन्हैयालाल खत्री एडवोकेट, सुरेश मनसुखानी, विष्णु हेमानी, अनिल मंगलानी, मुकेश मिर्चु कोतकवानी, तरुण लखवानी, मन्नू मंगलानी, लक्ष्मणदास वाधवानी, अशोक डाबरा, अमित आसवानी, राजेश कुमार खत्री, वासुदेव खत्री, विशनदास दुपट्टे वाले आदि उपस्थित थे।

स्वामी लीलाशाह जयंती 13 मार्च को मनाई जायेगी

केडी विश्वविद्यालय में चिकित्सा क्षेत्र की महिला विभूतियां सम्मानित

मां सरस्वती की पूजा–अर्चना के बाद विश्वविद्यालय के पदाधिकारी और महिला विभूतियां।

यूनिक समय, मथुरा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केडी विश्वविद्यालय में गरिमामय समारोह आयोजित कर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा–अर्चना के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में केडी डेंटल कॉलेज की डीन व प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू पांडेय तथा केडी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल साइंस की प्राचार्या डॉ. नंदीबाम फजाटन चानू को कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, प्रति–कुलपति डॉ. गौरव सिंह, कुलसचिव डॉ. विकास अग्रवाल और केडी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर.के. अशोका ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं को समान अवसर और सम्मान दिलाने का संकल्प लेने का दिन है।

केडी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर.के. अशोका ने कहा कि नारी हर युग में पूजनीय रही है और उसके योगदान से ही परिवार व समाज मजबूत बनता है। उन्होंने महिलाओं को समान अवसर और नेतृत्व में भागीदारी देने पर जोर दिया। सम्मानित महिला चिकित्सकों ने छात्राओं को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में महिला चिकित्सक, नर्सेज तथा मेडिकल, डेंटल और नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में कुलसचिव डॉ. विकास अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

34 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई संपन्न

यूनिक समय, मथुरा। जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की संगीत गायन और इंटरमीडिएट की लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जनपद के 34 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हाईस्कूल की संगीत गायन विषय की परीक्षा में 346 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 333 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 13 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा में 631 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 615 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जबकि 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से अनुचित सामग्री के प्रयोग या नकल की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

गर्मी की शुरुआत में बदलें खानपान सेहत रहेगी ठंडी और दुरुस्त

यूनिक समय, नई दिल्ली। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही शरीर की जरूरतें बदलने लगती हैं। तेज धूप, बढ़ता तापमान और उमस के कारण शरीर में पानी की कमी जल्दी हो जाती है। ऐसे में अगर हम अपने खाने-पीने की आदतों में थोड़ा बदलाव करें, तो न सिर्फ शरीर को ठंडक मिलती है बल्कि कई मौसमी बीमारियों से भी बचाव हो सकता है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का चयन करना बहुत जरूरी हो जाता है।

गर्मियों में सबसे पहले ताजे फल और हरी सब्जियों का सेवन बढ़ाना चाहिए। इन खाद्य पदार्थों में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करती है। तरबूज, खीरा, नारियल पानी, खरबूजा और मौसमी फल जैसे अमरूद और आड़ू शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं और शरीर में पानी की कमी को भी पूरा करते हैं। इनके नियमित सेवन से शरीर को जरूरी विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट भी मिलते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते हैं।

इसके साथ ही गर्मियों में तला–भुना और ज्यादा मसालेदार भोजन कम करना चाहिए। अधिक मिर्च–मसाले और वसायुक्त भोजन पचने में भारी होते हैं और इससे एसिडिटी, गैस और पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हल्का और सुपाच्य भोजन लेना बेहतर होता है। इस मौसम में दही, रायता, छाछ और सलाद जैसे ठंडे और हल्के खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए, जो पाचन को भी बेहतर बनाते हैं।

गर्मियों में हाइड्रेशन पर विशेष ध्यान देना बहुत जरूरी है। दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। इसके अलावा ताजे फलों का जूस, नींबू पानी और दही से बने शेक भी शरीर को ऊर्जा और ताजगी प्रदान करते हैं। कोशिश करें कि जूस या शेक में ज्यादा चीनी डालने के बजाय प्राकृतिक स्वाद को ही प्राथमिकता दें। इस प्रकार, गर्मियों में संतुलित और हल्का आहार अपनाने से शरीर को ठंडक मिलती है, ऊर्जा बनी रहती है और स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है।

मीठे और रसीले संतरे कैसे चुनें? खरीदते समय इन आसान टिप्स का रखें ध्यान

यूनिक समय, नई दिल्ली। संतरा स्वादिष्ट और सेहतमंद फल माना जाता है, लेकिन बाजार में कई बार मीठे और खट्टे संतरे की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। कई लोग संतरे खरीदकर घर लाते हैं और बाद में पता चलता है कि वे खट्टे या अंदर से सूखे हैं। अगर आप भी मीठे और रसीले संतरे चुनना चाहते हैं, तो खरीदते समय कुछ आसान बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सबसे पहले संतरे का वजन जरूर जांचें। संतरा हाथ में उठाकर देखें। अगर संतरा भारी लगता है तो उसमें रस ज्यादा होता है और वह आमतौर पर मीठा होता है। वहीं हल्का संतरा अक्सर कम रस वाला और खट्टा निकल सकता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात है रंग और छिलका। मीठे संतरे का रंग हल्का पीला या नारंगी होता है और उसकी सतह थोड़ी उभरी हुई दिखाई देती है। अगर संतरे का रंग बहुत ज्यादा हरा हो या छिलका बहुत चिकना और पतला हो तो वह खट्टा हो सकता है। इसके अलावा छिलके पर ज्यादा दाग–धब्बे या पिलपिलापन भी अच्छे फल का संकेत नहीं होता। साइज भी पहचान में मदद करता है। आमतौर पर बड़े और वजनदार संतरे ज्यादा रसीले और मीठे होते हैं, जबकि बहुत छोटे संतरे खट्टे हो सकते हैं।

वॉक से फिटनेस चाहिए तो सावधान! भूलकर भी न करें ये गलतियां

यूनिक समय, नई दिल्ली। आजकल फिट और हेल्दी रहने के लिए लोग रोजाना 10 हजार कदम चलने का लक्ष्य तय कर रहे हैं। यह आदत वजन नियंत्रित रखने, दिल को स्वस्थ बनाने और मानसिक तनाव कम करने में मदद करती है। हालांकि, अगर वॉकिंग के दौरान कुछ सामान्य गलतियां की जाएं तो इसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता। इसलिए सही तरीके से चलना बेहद जरूरी है। सबसे पहली गलती है वॉक की क्वालिटी को नजरअंदाज करना। कई लोग सिर्फ कदमों की संख्या पूरी करने पर ध्यान देते हैं, जबकि सही पोश्चर और गति भी उतनी ही जरूरी है। चलते समय पीठ सीधी रखें, हाथों को हल्के से स्विंग करें और मध्यम गति बनाए रखें। दूसरी गलती है रोज एक ही स्पीड और रास्ते पर चलना। जब शरीर एक ही रूटीन का आदी हो जाता है तो कैलोरी बर्न कम होने लगती है। इसलिए कभी तेज और कभी धीमी चाल से चलें और रास्ते में बदलाव करें।

तीसरी गलती वॉर्म–अप और कूल–डाउन को छोड़ देना है। बिना स्ट्रेचिंग के चलने से मांसपेशियों में खिंचाव या चोट लग सकती है। इसके अलावा गलत जूते पहनना भी समस्या पैदा कर सकता है। आरामदायक और सपोर्टिव जूते पहनना जरूरी है। साथ ही पानी और आराम को नजरअंदाज करना भी ठीक नहीं है। वॉक के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखते हैं, तो रोज 10 हजार कदम चलने से शरीर को अधिक फायदा मिल सकता है।

गुड़ में मिलावट से सेहत को खतरा, ऐसे करें घर पर पहचान

यूनिक समय, नई दिल्ली। गुड़ को आमतौर पर चीनी का एक हेल्दी विकल्प माना जाता है और इसका उपयोग त्योहारों से लेकर रोजमर्रा के भोजन में बड़े पैमाने पर किया जाता है। लेकिन हाल के समय में बाजार में मिलने वाले गुड़ में मिलावट के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई जगहों पर गुड़ को ज्यादा चमकदार और आकर्षक बनाने के लिए इसमें बेकिंग सोडा, वॉशिंग सोडा और यहां तक कि डिटर्जेंट जैसी हानिकारक चीजें मिलाई जा रही हैं। यह मिलावट न केवल गैरकानूनी है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है।

विशेषज्ञों के अनुसार मिलावटी गुड़ का नियमित सेवन पाचन तंत्र पर बुरा असर डाल सकता है। इससे जी मिचलाना, उल्टी, पेट दर्द और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बेकिंग सोडा की अधिक मात्रा शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ा देती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। वहीं डिटर्जेंट के कण गले में खराश, खांसी और एलर्जी जैसी परेशानियां भी पैदा कर सकते हैं। मिलावटी गुड़ की पहचान घर पर भी की जा सकती है। इसके लिए एक गिलास पानी में गुड़ का छोटा टुकड़ा डालें।

यदि पानी में ज्यादा झाग बने या नीचे सफेद कण दिखाई दें तो यह मिलावट का संकेत हो सकता है। इसके अलावा शुद्ध गुड़ का रंग गहरा गोल्डन–ब्राउन होता है, जबकि बहुत चमकीला पीला रंग मिलावट की ओर इशारा कर सकता है। इसलिए हमेशा विश्वसनीय दुकानों से ही गुड़ खरीदना बेहतर माना जाता है।

चैत्र नवरात्रि स्पेशल: सिर्फ 2000 रुपये में करें माता वैष्णो देवी के दर्शन

यूनिक समय, नई दिल्ली। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होने जा रही है। इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यात्रा का प्लान बनाते हैं। अगर आप भी कम बजट में माता के दरबार तक पहुंचना चाहते हैं तो सही योजना के साथ यह यात्रा करीब 2000 रुपये में पूरी की जा सकती है। थोड़ी सी प्लानिंग और साधारण साधनों का इस्तेमाल करके आप इस धार्मिक यात्रा को किफायती और यादगार बना सकते हैं।

दिल्ली से यात्रा शुरू करने के लिए आप नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जम्मू तवी के लिए ट्रेन पकड़ सकते हैं। बजट यात्रा के लिए स्लीपर क्लास सबसे बेहतर विकल्प है। स्लीपर क्लास का टिकट लगभग 355 से 400 रुपये के बीच मिलता है। आने–जाने का कुल ट्रेन खर्च लगभग 1000 रुपये तक हो सकता है। ट्रेन से जम्मू तवी पहुंचने में करीब 12 से 13 घंटे का समय लगता है।

जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद आपको कटरा जाना होगा, जो लगभग 50 किलोमीटर दूर है। जम्मू से कटरा तक जाने के लिए राज्य परिवहन की बसें या साधारण बसें आसानी से मिल जाती हैं। बस का किराया लगभग 35 से 100 रुपये के बीच होता है और करीब दो घंटे में आप कटरा पहुंच सकते हैं। कटरा से माता वैष्णो देवी भवन की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है। बजट यात्रा करने वाले श्रद्धालु इस रास्ते को पैदल तय कर सकते हैं। रास्ते में पिठू, टट्टू और हेलिकॉप्टर जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं, लेकिन पैदल यात्रा सबसे किफायती विकल्प है। रुकने के लिए कटरा में कई धर्मशालाएं और बजट लॉज उपलब्ध हैं, जहां एक रात का खर्च लगभग 300 से 400 रुपये तक आता है। खाने–पीने के लिए रास्ते में ढाबों पर 150 से 200 रुपये में भोजन मिल जाता है। कई जगह भंडारे भी चलते रहते हैं। इस तरह ट्रेन, बस, ठहरने और खाने–पीने का कुल खर्च लगभग 1800 से 2000 रुपये तक हो सकता है। सही योजना के साथ आप कम बजट में भी माता वैष्णो देवी के दर्शन का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

सफेद और झड़ते बालों से राहत के लिए फायदेमंद हैं ये योगासन

यूनिक समय, नई दिल्ली। आजकल कम उम्र में ही बालों का सफेद होना और झड़ना एक आम समस्या बनती जा रही है। बदलती जीवनशैली, तनाव, गलत खान–पान और प्रदूषण इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। कई लोग इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए तरह–तरह के उत्पाद और उपचार अपनाते हैं, लेकिन फिर भी मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता। ऐसे में नियमित योगाभ्यास बालों की सेहत को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

बालों से जुड़ी समस्याओं में सिरसासन काफी लाभकारी माना जाता है। यह आसन सिर और आंखों के लिए फायदेमंद होता है। इसे नियमित रूप से करने से सिर में रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे बालों का झड़ना और समय से पहले सफेद होना कम हो सकता है। शुरुआत में इसे दीवार के सहारे भी किया जा सकता है। इसी तरह उत्तानासन (स्टैंडिंग फॉरवर्ड बेंड पोज) भी बालों के लिए लाभदायक योगासन है। इस आसन में खड़े होकर आगे की ओर झुकते हैं, जिससे सिर तक रक्त प्रवाह बढ़ता है। इससे शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है और बालों की जड़ों को पोषण मिलता है। सर्वांगासन (शोल्डर स्टैंड) भी बालों और चेहरे के लिए उपयोगी योगासन माना जाता है। इसमें पीठ के बल लेटकर पैरों को ऊपर उठाया जाता है और कुछ समय तक इसी अवस्था में रहते हैं। यह आसन सिर, गर्दन और चेहरे के लिए लाभकारी होता है। इसके साथ ही संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और नियमित योगाभ्यास अपनाने से बालों से जुड़ी कई

पुराने कपड़ों को दें नया स्टाइल, आउट ऑफ फैशन आउटफिट भी बन सकते हैं ट्रेंडिंग

यूनिक समय, नई दिल्ली। फैशन की दुनिया हर साल नए ट्रेंड लेकर आती है, लेकिन कई बार हमारे पास ऐसे कपड़े होते हैं जो कुछ समय बाद आउट ऑफ फैशन लगने लगते हैं। ऐसे में उन्हें अलमारी में रखने की बजाय थोड़ा क्रिएटिव होकर नया स्टाइल दिया जा सकता है। सही स्टाइलिंग, नए रंगों और एक्सेसरीज के साथ पुराने आउटफिट भी एकदम ट्रेंडी और आकर्षक बन सकते हैं।

सबसे पहले पेस्टल रंगों को अपने पुराने आउटफिट में शामिल किया जा सकता है। ब्लश पिंक, मिंट ग्रीन, लेमन येलो और लैवेंडर जैसे शेड्स इस समय काफी ट्रेंड में हैं। अगर आपके पास पुराना लहंगा या सूट है, तो उसमें हल्की एम्ब्रॉयडरी, लेयरिंग या मॉडर्न कट्स जोड़कर उसे नया लुक दिया जा सकता है। इसके साथ फ्लोरल या पोल्की ज्वेलरी पहनने से लुक और भी आकर्षक बन जाता है। इसी तरह शरारा सूट भी इस समय फिर से फैशन में लौट आया है। पुराने कुर्ते को शरारा के साथ स्टाइल करके नया और ट्रेडिशनल लुक बनाया जा सकता है। कढ़ाईदार कुर्ती, गोटे वाला दुपट्टा और स्टाइलिश शरारा किसी भी फंक्शन जैसे मेहंदी, संगीत या शादी में पहनने के लिए परफेक्ट विकल्प हो सकता है। इसके अलावा इंडो–वेस्टर्न गाउन भी काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। पुराने अनारकली या लंबे कुर्ते को हल्की एम्ब्रॉयडरी और फ्लोइंग कट्स के साथ गाउन स्टाइल में तैयार किया जा सकता है। वाइन, रॉयल ब्लू, एमरल्ड ग्रीन और मैरून जैसे रंग इस लुक को और भी एलिगेंट बनाते हैं।

अगर आप लहंगे में नया अंदाज चाहती हैं, तो फिशकट स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। यह मरमेड स्टाइल लहंगा हिप से फिट और नीचे से फ्लोइंग होता है, जो बेहद ग्लैमरस लुक देता है। इसके साथ चोकर या लेयर्ड नेकलेस पहनने से स्टाइल और भी निखर जाता है। इस तरह थोड़ी सी क्रिएटिविटी और सही स्टाइलिंग से पुराने कपड़ों को भी नया और फैशनेबल बनाया जा सकता है।

सुविचार

राह संघर्ष की जो चलता है, वो ही संसार को बदलता है, जिसने रातों से है जंग जीती.. सुबह सूर्य बनकर वही चमकता है

कल का पंचांग

तिथि	नवमी	01:54-04:19 तक	पक्ष	कृष्ण पक्ष
नक्षत्र	मूल	07:05-10:00 तक	माह	चैत्र
सूर्योदय		06:42 AM	चन्द्रोदय	01:44 AM
सूर्यास्त		06:30 PM	चंद्रास्त	12:19 PM
सूर्य राशि		कुंभ राशि	चंद्र	धनु राशि
शुभ मुहूर्त			ब्रहम् मुहूर्त	05:018-06:05
त्योहार/व्रत		शीतला अष्टमी	विक्रम संवत्	2082
राहुकाल		02:05PM:03:33PM	वार	गुरुवार

ब्रज के मंदिरों के दर्शन

ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

ड्ड43ड्डी उँल्लली’ ःँ33स्र2://8ड्ड434ड्डी.ड्ढे/4ड्ड04ी28

चैत्र का पहला प्रदोष व्रत 16 मार्च को जानें महादेव को प्रसन्न करने के उपाय

यूनिक समय, मथुरा। भगवान शिव को समर्पित प्रदोष व्रत हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से भोलेनाथ की पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। प्रदोष व्रत विशेष रूप से संतान, विवाह, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। चैत्र माह का पहला प्रदोष व्रत इस वर्ष 16 मार्च, सोमवार को पड़ रहा है। सोमवार के दिन पड़ने के कारण इसे सोम प्रदोष भी कहा जाता है, जो भगवान शिव की कृपा पाने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 16 मार्च को सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर शुरू होगी और 17 मार्च को सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। प्रदोष काल के आधार पर व्रत और पूजा 16 मार्च को ही की जाएगी। प्रदोष व्रत के दिन शाम के समय भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व होता है। इस दिन प्रदोष काल शाम 6 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। इस दौरान शिवलिंग की पूजा, अभिषेक और बेलपत्र अर्पित करना अत्यंत शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रदोष व्रत पर शिवलिंग पर कुछ विशेष चीजें अर्पित करने से महादेव प्रसन्न होते हैं। शिवलिंग पर दूध चढ़ाने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है तथा मन को शांति मिलती है। शहद अर्पित करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में राहत मिलती है और रोगों से बचाव होता है। वहीं बेलपत्र चढ़ाने से रुके हुए कार्य पूरे होने लगते हैं। इसके अलावा शिवलिंग पर गेहूं अर्पित करना भी शुभ माना जाता है। इससे घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है।

शमी के फूल भगवान शिव को अर्पित करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। धार्मिक मान्यता है कि प्रदोष व्रत के दिन सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा, आरती और मंत्र जाप करने से सभी प्रकार के संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

व्रत–त्योहार का कैलेंडर 2026

- 15 मार्च, दिन रविवारः पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवारः सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवारः चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवारः चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवारः वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरुवारः राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवारः कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवारः सोम प्रदोष व्रत

कल का राशिफल

मेष राशिः जातकों के लिए कल का दिन एक बड़े बदलाव का संकेत दे रहा है। गुरु की मार्गी चाल आपके तीसरे भाव में होने से मानसिक संशय दूर होगा और विश्वास बढ़ेगा।

वृषभ राशिः आर्थिक गति वापस लौटने का दिन है। दूसरे भाव में गुरु के मार्गी होने से बैंक बैलेंस और विश्वास दोनों बढ़ेंगे। दिन की शुरुआत में पार्टनरशिप में थोड़ा तनाव हो सकता है क्योंकि चंद्रदेव सातवें भाव में हैं।

मिथुन राशिः दिन ऐतिहासिक है क्योंकि गुरु आपकी ही राशि में मार्गी हो रहे हैं। पिछले कई महीनों से चला आ रहा आत्म–संदेह अब समाप्त होगा।

कर्क राशिः जातकों के लिए दिन मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। बारहवें भाव में गुरु का मार्गी होना एक बड़ा आध्यात्मिक आशीर्वाद है, जो नींद की समस्याओं को दूर करेगा।

सिंह राशिः गुरु का मार्गी होना सामाजिक और आर्थिक आशीर्वाद लेकर आएगा। ग्यारहवें भाव में गुरु की सीधी चाल रुके हुए भुगतान और ग्रुप प्रोजेक्ट्स को गति देगी। दिन की शुरुआत में पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ी संवेदनशीलता रह सकती है,।

कन्या राशिः दिन प्रोफेशनल लाइफ में बड़े बदलाव लाएगा। दसवें भाव में गुरु के मार्गी होने से प्रमोशन या रुकी हुई तरक्की को रास्ता मिलेगा।

तुला राशिः दिन भाग्य भाव में गुरु के मार्गी होने से काफी शुभ है। पिछले महीनों से यात्रा या शिक्षा में जो रुकावट थी, वो अब दूर होगी।

वृश्चिक राशिः आठवें भाव में गुरु का मार्गी होना, गुप्त धन और बीमा जैसे मामलों में फायदा देगा।

धनु राशिः जातकों के लिए दिन काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि आपकी राशि स्वामी गुरु सातवें भाव में मार्गी हो रहे हैं।

मकर राशिः छठे भाव में गुरु का मार्गी होना प्रोफेशनल लाइफ में बड़ा आशीर्वाद लेकर आ रहा है। काम में जो रुकावट थी, वो दूर होगी और कर्मचारियों के साथ संबंध सुधरेंगे।

कुंभ राशिः पांचवें भाव में गुरु का मार्गी होना, क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स और प्रेम संबंधों में नई जान डाल देगा।

मीन राशिः चौथे भाव में गुरु का मार्गी होना पारिवारिक मतभेदों को दूर करने में मदद करेगा। पिछले महीनों से प्रॉपर्टी के मामलों में जो रुकावट थी, वो दूर होगी।

पीपल की पूजा से शांत होती है शनि पीड़ा, पुराणों में बताया गया विशेष महत्व

यूनिक समय, मथुरा। हिंदू धर्म में पीपल के वृक्ष को अत्यंत पवित्र और पूजनीय माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वृक्ष में सभी देवी–देवताओं का वास होता है। विशेष रूप से शनिवार के दिन पीपल के पेड़ की पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पीपल की जड़ में जल अर्पित कर दीपक जलाने और उसकी परिक्रमा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं और जीवन के कष्टों को दूर करते हैं।

धार्मिक ग्रंथ पद्मपुराण में पीपल के वृक्ष को भगवान विष्णु का स्वरूप बताया गया है। इसी कारण इसे "देव वृक्ष" कहा जाता है। मान्यता है कि श्रद्धा से पीपल की पूजा करने, उसे प्रणाम करने और उसकी परिक्रमा करने से आयु में वृद्धि होती है तथा पापों का नाश होता है। धर्मग्रंथों के अनुसार पीपल में त्रिदेव का निवास माना गया है। इसकी जड़ में विष्णु, तने में शिव और शीर्ष भाग में ब्रह्मा का वास माना जाता है। श्रीमद् भागवत गीता में भी कृष्ण ने कहा है कि सभी वृक्षों में वे स्वयं पीपल हैं, जिससे इसके महत्व का पता चलता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पीपल का संबंध शनिदेव से भी माना गया है। शनिवार को पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाने और सात परिक्रमा करने से शनि से जुड़ी परेशानियां कम होती हैं। खासकर जिन लोगों पर शनि की साढ़ेसाती या ढैया चल रही हो, उनके लिए पीपल की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इससे जीवन की बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं और सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

15 मार्च से शुरू होगा खरमास, एक माह तक मांगलिक कार्यों पर रहेगा विराम

यूनिक समय, मथुरा। हिंदू पंचांग और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्ष में एक विशेष समय ऐसा आता है जब मांगलिक और शुभ कार्यों पर विराम लग जाता है। इस अवधि को खरमास कहा जाता है। वर्ष 2026 में खरमास 15 मार्च से शुरू होकर 13 अप्रैल तक रहेगा। इस दौरान विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन और यज्ञ जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस समय भगवान सूर्य की स्थिति कमजोर मानी जाती है, इसलिए इसे शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब सूर्य देव मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तब खरमास की शुरुआत मानी जाती है। इस समय सूर्य का प्रभाव सामान्य से कम माना जाता है, जिसके कारण ग्रहों का शुभ प्रभाव भी कम हो जाता है। यही कारण है कि इस अवधि में शुभ और मांगलिक कार्यों को टालने की परंपरा है। पंचांग के अनुसार इस वर्ष खरमास 15 मार्च से प्रारंभ होगा और 13 अप्रैल को समाप्त होगा। जब सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे, तब खरमास का समापन माना जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार यह अवधि चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी से शुरू होकर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तक रहती है।

धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार खरमास के दौरान ग्रहों का शुभ प्रभाव कम हो जाता है। कहा जाता है कि जब सूर्य अपने पूर्ण तेज में नहीं होते, तब शुभ कार्यों का फल भी अपेक्षित रूप से नहीं मिलता। इसलिए इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, सगाई, मुंडन, यज्ञोपवीत, नामकरण और वधू प्रवेश जैसे संस्कार नहीं किए जाते। इसके अलावा नया घर खरीदना, नया व्यवसाय शुरू करना या वाहन खरीदना भी इस अवधि में टालना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि खरमास में शुरू किए गए कार्यों में बाधाएं या देरी का सामना करना पड़ सकता है। खरमास के समय कुछ विशेष कार्यों से बचने की सलाह दी जाती है। इस अवधि में विवाह और सगाई जैसे मांगलिक कार्यक्रम नहीं करने चाहिए। गृह प्रवेश भी इस समय वर्जित माना गया है। यदि किसी ने नया घर खरीदा है तो उसमें प्रवेश खरमास के बाद ही करना बेहतर माना जाता है। इसके अलावा मुंडन, जनेऊ (यज्ञोपवीत) संस्कार और नामकरण जैसे धार्मिक संस्कार भी इस समय नहीं किए जाते। नया व्यापार शुरू करना, नई संपत्ति या वाहन खरीदना भी अशुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इन कार्यों को शुभ मुहूर्त में ही करना अधिक फलदायी होता है। हालांकि खरमास में मांगलिक कार्य नहीं किए जाते, लेकिन इस समय धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों का विशेष महत्व बताया गया है। इस अवधि में पूजा-पाठ, व्रत, उपवास और दान–पुण्य करना अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों जैसे रामायण, भागवत पुराण और शिव पुराण का पाठ करना मन और आत्मा को शुद्ध करता है। इसके अलावा सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य देव को अर्घ्य देना और "ॐ सूर्याय नमः" मंत्र का जाप करना भी बहुत लाभकारी माना जाता है। खरमास के दौरान दान–पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। इस समय जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र या धन का दान करना शुभ माना जाता है। गरीबों और असहाय लोगों की सहायता करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा घर में तुलसी पूजन करना और भगवान विष्णु का स्मरण करना भी अत्यंत फलदायी माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि खरमास के दौरान किए गए सात्विक और धार्मिक कार्यों का फल कई गुना बढ़कर मिलता है। धार्मिक दृष्टि से खरमास को आत्मचिंतन और आध्यात्मिक साधना का समय माना जाता है। इस अवधि में भक्ति, ध्यान और भगवान के स्मरण पर विशेष ध्यान देने की परंपरा है। ऐसा करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस प्रकार, भले ही खरमास के दौरान मांगलिक कार्यों पर विराम लगता है, लेकिन यह समय धर्म, भक्ति और पुण्य कर्मों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

सम्पादकीय

नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

नारी शक्ति मानव सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण और सृजनशील शक्ति रही है। वह जीवन की जननी, संस्कृति की वाहक और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा में नारी को केवल सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं किया गया, बल्कि उसे 'माता' के रूप में सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। "मातृदेवो भवः" और "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" जैसे सूत्र नारी के प्रति श्रद्धा को दर्शाते हैं। इसी कारण भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को 'माता' कहकर संबोधित किया गया।

लेकिन विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, वही आज भी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि यह सोचने का समय भी है कि नारी की वास्तविक स्थिति क्या है। वैश्विक अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है, लेकिन आर्थिक अवसर, राजनीतिक नेतृत्व और समान वेतन में अभी भी व्यापक अंतर है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार आर्थिक भागीदारी में महिलाओं की समानता केवल 61 प्रतिशत तक पहुँची है, जबकि कुल समानता का अंतर अभी भी लगभग एक तिहाई शेष है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का केवल 42 प्रतिशत हैं, और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई है। भारत में भी महिला श्रम भागीदारी लगभग 32 प्रतिशत है। घरेलू जिम्मेदारियों और सामाजिक संरचना के कारण कई महिलाएँ रोजगार से बाहर रहती हैं। इसके बावजूद, भारतीय महिलाएँ विज्ञान, अंतरिक्ष, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं। हालाँकि, केवल कुछ देशों में महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन की लड़ाई अभी भी अधूरी है। नारी पर संकट और संघर्ष का प्रभाव सबसे अधिक पड़ता है। वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ हिंसक संघर्ष वाले क्षेत्रों में रह रही थीं। जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता जैसी नई समस्याएँ महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। अगर इन पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में लाखों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास में संकट के समय नारी शक्ति ने असाधारण साहस दिखाया है। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने नारी के संघर्ष और साहस की पहचान कराई। इसके बावजूद, दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी समाज में मौजूद हैं।

पवन गौतम
संपादक

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

नजरिया

पाकिस्तान सऊदी अरब के समर्थन में रणभूमि में उतर सकता है : क्षेत्रीय तनाव और युद्ध की संभावित दिशा

नीरज कुमार दुबे

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान एक महत्वपूर्ण सामरिक दुविधा में फंसा हुआ है। ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच वर्षों से जारी सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा अब गंभीर रूप से सामने आ रही है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है, तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करता है। पाकिस्तान को अब यह कठिन निर्णय लेना है कि वह अपने पुराने सहयोगी सऊदी अरब के साथ खड़ा होगा या क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हाल ही में सऊदी अरब का दौरा किया और रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की। इस बैठक में ईरानी हमलों और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर चर्चा हुई, और साझा रक्षा समझौते के तहत संभावित कदमों पर विचार किया गया।

विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि पाकिस्तान खुले तौर पर सऊदी अरब का सैन्य समर्थन करता है, तो वह सीधे ईरान के साथ टकराव की स्थिति में आ सकता है। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पहले से ही अस्थिर है और नए संघर्ष के संभावित प्रभाव गंभीर रूप से महसूस किए जा सकते हैं। वहीं, पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब का घनिष्ठ सहयोगी रहा है। सऊदी अरब ने आर्थिक सहायता और तेल आपूर्ति के माध्यम से पाकिस्तान की कई बार मदद की है। दूसरी ओर, पाकिस्तान और ईरान की लंबी सीमा है और दोनों देशों के बीच सुरक्षा और ऊर्जा जैसे कई हित जुड़े हैं। इसलिए पाकिस्तान ने अब तक सीधे संघर्ष में शामिल होने से बचने की कोशिश की है।

पाकिस्तान में सुन्नी और शिया समुदायों की बड़ी आबादी है। ईरान शिया बहुल देश है, जबकि सऊदी अरब सुन्नी नेतृत्व वाला राष्ट्र है। इस कारण पाकिस्तान के लिए किसी एक पक्ष का समर्थन करना आंतरिक सांप्रदायिक तनाव बढ़ा सकता है। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में शिया समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किए थे, जिसमें गुस्साई भीड़ ने अमेरिका के मिशन पर हमला भी किया था। इस दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कई लोगों की जान गई। यह घटना पाकिस्तान की सरकार के लिए चेतावनी थी कि देश में संतुलन बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। सामरिक और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तान फिलहाल सीधे युद्ध में शामिल होने से बचने की कोशिश करेगा। लेकिन यदि सऊदी अरब पर हमले बढ़ते हैं और रक्षा समझौते के तहत दबाव बढ़ता है, तो पाकिस्तान के सामने कठिन निर्णय लेने की नौबत आ सकती है।

पाकिस्तान न केवल एक परमाणु शक्ति है, बल्कि मुस्लिम देशों में उसकी सेना को प्रभावशाली माना जाता है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ सैन्य रूप से जुड़ता है, तो यह पूरे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बदल सकता है। संघर्ष की दिशा केवल क्षेत्रीय महाशक्तियों की रणनीति पर निर्भर नहीं होगी, बल्कि वैश्विक राजनीति पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका, इजराइल, चीन और रूस जैसे देशों की पश्चिम एशियाई हितों से पाकिस्तान का कोई भी कदम सीधे प्रभावित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की भूमिका अधिकतर प्रतीकात्मक या सीमित सैन्य सहयोग तक ही रह सकती है। वास्तविक युद्ध संचालन और निर्णय क्षेत्रीय महाशक्तियों के रणनीतिक कदमों पर निर्भर करेंगे। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच समझौता एक सुरक्षा गारंटी का रूप लेता है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब का समर्थन करता है, तो ईरान के साथ टकराव की संभावना बढ़ जाती है। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा और ऊर्जा हित ईरान के साथ जुड़े हैं। वहीं, पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा पर शिया और सुन्नी समुदायों के बीच संतुलन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए पाकिस्तान की नीति फिलहाल संतुलित नजर आती है। सेना प्रमुख असीम मुनीर की कूटनीतिक सक्रियता इसी संतुलन को साधने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। पाकिस्तान इस समय सऊदी अरब के साथ अपने पुराने सहयोग और ईरान के साथ लंबी सीमा के बीच नाजुक सामरिक संतुलन बनाए रखने की स्थिति में है। इतिहास बताता है कि पाकिस्तान की सेना ने अब तक बड़े युद्धों में जीत हासिल नहीं की है। भारत के साथ हुए युद्धों और अन्य सैन्य टकरावों में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर पाकिस्तान सऊदी अरब के समर्थन में किसी संघर्ष में उतरता भी है, तो यह व्यापक सामरिक बदलाव लाने की संभावना कम है। उसकी भागीदारी प्रतीकात्मक या सीमित सैन्य सहयोग तक सीमित रह सकती है। मुख्य लड़ाई और रणनीतिक निर्णय क्षेत्रीय महाशक्तियों की कार्रवाई पर निर्भर होंगे। पाकिस्तान का कदम केवल क्षेत्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल पाकिस्तान सीधे युद्ध में शामिल होने से बचने की कोशिश करेगा। लेकिन यदि सऊदी अरब पर हमले बढ़ते हैं और साझा रक्षा समझौते के तहत दबाव बढ़ता है, तो पाकिस्तान के सामने कठिन निर्णय लेने की नौबत आएगी। आने वाले समय में पाकिस्तान का रुख यह तय करेगा कि पश्चिम एशिया का यह संकट कितना व्यापक रूप लेता है। सांप्रदायिक संतुलन, सीमावर्ती सुरक्षा, आर्थिक हित और वैश्विक रणनीतिक समीकरणों को देखते हुए पाकिस्तान की नीतियाँ बहुत नाजुक हैं। पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने सहयोगियों के प्रति वफादारी और आंतरिक स्थिरता के बीच संतुलन बनाए। पाकिस्तान इस समय सऊदी अरब और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक कठिन स्थिति में है। सामरिक, राजनीतिक और आंतरिक सामाजिक दृष्टि से इसे अपने कदम सावधानीपूर्वक रखना होगा। उसकी सैन्य क्षमता और इतिहास बताते हैं कि युद्ध में सक्रिय भागीदारी सीमित या प्रतीकात्मक रह सकती है। फिलहाल, असीम मुनीर की सक्रिय कूटनीतिक कोशिशें पाकिस्तान के लिए संतुलित नीति का संकेत देती हैं। आने वाले समय में सऊदी अरब के समर्थन में पाकिस्तान का कदम केवल क्षेत्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति को भी प्रभावित करेगा। युद्ध की दिशा, उसकी गहराई और व्यापकता इस बात पर निर्भर करेगी कि पाकिस्तान किस हद तक सऊदी अरब के पक्ष में खुलकर कार्रवाई करता है और ईरान के साथ अपनी जटिल सीमाओं और हितों को कैसे संतुलित करता है। इस प्रकार, पाकिस्तान की भूमिका पश्चिम एशियाई संकट में निर्णायक होने के साथ-साथ वैश्विक रणनीतिक समीकरणों में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

विचार विण्डो

मध्य पूर्व के युद्ध से यूरोप की ऊर्जा नीति पर बड़ा असर, रूस को लाभ की स्थिति

राकेश कुमार श्रीवास्तव

मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध और तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल पैदा कर दी है। फारस की खाड़ी का प्रमुख समुद्री मार्ग, हार्मुज जलडमरूमध्य, दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस परिवहन करता है। इस क्षेत्र में सुरक्षा जोखिम बढ़ने के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं और यूरोप समेत कई देश आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूस की ओर रुख करने लगे हैं।

जो यूरोपीय देश कल तक रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा रहे थे और यूक्रेन के समर्थन में खड़े थे, वही अब ऊर्जा संकट के चलते रूस से गैस और तेल की आपूर्ति की संभावना पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष और फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। यूरोप को अब न केवल ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है, बल्कि वैश्विक बाजार में कीमतों की तेजी से भी निपटना होगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस परिस्थिति का सबसे बड़ा लाभ रूस को हो सकता है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन ऊर्जा संकट के कारण इन प्रतिबंधों का असर कमजोर पड़ रहा है। तेल की बढ़ती कीमतों और मांग के चलते रूस को अपने निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है। मध्य पूर्व में संघर्ष और संभावित आपूर्ति बाधा के कारण तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़कर प्रति बैरल 100 के पार पहुंच गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कुछ बयानों के बाद कीमतों में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन अभी भी तेल पहले की तुलना में लगभग 27% महंगा बना हुआ है। रूस के ऊर्जा भंडार की स्थिति भी दर्शाती है कि खरीदार देशों तक निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। फरवरी के अंत तक जहाजों में लगभग 132 मिलियन बैरल तेल जमा था, जो अब घटकर लगभग 118 मिलियन बैरल रह गया है। यह संकेत देता है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग बढ़ी है और रूस इसके माध्यम से अतिरिक्त राजस्व अर्जित कर सकता है। रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिए हैं कि यदि यूरोप राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक सहयोग चाहता है, तो रूस उन्हें फिर से तेल और गैस की आपूर्ति करने को तैयार है। युद्ध से पहले यूरोप अपनी गैस जरूरतों का 40% रूस से खरीदता था, लेकिन प्रतिबंध और वैकल्पिक स्रोतों के कारण यह हिस्सा घटकर 2025 तक लगभग 13% रह गया। हालांकि यूरोप ने रूसी तरल प्राकृतिक गैस पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया है और इसे 2027 तक धीरे-धीरे समाप्त करने की योजना है। इस कारण यूरोप के कुछ देश आपूर्ति संकट की स्थिति में रूस से गैस खरीदने पर विचार कर सकते हैं।

मध्य पूर्व में जारी युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति पर नियंत्रण अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सबसे महत्वपूर्ण हथियार बना हुआ है। रूस के पास विशाल तेल और गैस भंडार हैं, जो उसे आर्थिक और कूटनीतिक दोनों तरह का लाभ प्रदान करते हैं। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है। यूक्रेन युद्ध के दौरान लगे प्रतिबंधों और आपूर्ति बाधाओं के बावजूद रूस अब उच्च कीमतों के कारण अतिरिक्त आय अर्जित कर सकता है। अमेरिका ने भारत को अस्थायी छूट देकर रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है, जिससे रूस के निर्यात में तेजी आई है। पहले रूसी तेल लगभग 50 प्रति बैरल बिक रहा था, जो अब 90 तक पहुंच गया है। यदि मध्य पूर्व से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होती है, तो यूरोप को अपने पुराने ऊर्जा स्रोत यानी रूस की ओर फिर से रुख करना पड़ सकता है। इसके बावजूद रूस की ऊर्जा क्षमता पूरी तरह असीमित नहीं है। वर्षों से लगे प्रतिबंध, यूक्रेन से हुए हमलों और जहाजरानी व बीमा बाधाओं के कारण उसकी निर्यात क्षमता सीमित है। फिलहाल रूस का अधिकांश तेल भारत और चीन जैसी सीमित बाजारों में ही जा रहा है। इस स्थिति ने वैश्विक भू-राजनीतिक समीकरण को भी प्रभावित किया है। ऊर्जा संकट के बीच रूस की भूमिका आर्थिक और राजनीतिक दोनों दृष्टियों से बढ़ गई है।

यूरोप, अमेरिका और अन्य बड़े देश मध्य पूर्व और रूस के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहे हैं। मध्य पूर्व का युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा संतुलन और भू-राजनीतिक शक्ति समीकरण को भी प्रभावित कर रहा है। रूस ने ऊर्जा भंडार और निर्यात के माध्यम से अप्रत्याशित लाभ हासिल किया है। यूरोप को आपूर्ति संकट के चलते रूस की ओर वापस देखने का विकल्प मजबूरन अपनाना पड़ सकता है। इस तरह, मध्य पूर्व में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय राजनीति दोनों पर गहरा प्रभाव डाला है। रूस, यूरोप और वैश्विक शक्तियों के बीच नई रणनीतिक समीकरण उभरकर सामने आ रहे हैं, जिनका असर आने वाले महीनों और वर्षों में विश्व ऊर्जा सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता पर पड़ने वाला है।

टीम इंडिया के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह 15 को दिल्ली में

यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप जीतकर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस बड़ी जीत के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित करने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह सम्मान समारोह 15 मार्च को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केवल टी20 विश्व कप 2026 की विजेता टीम ही नहीं, बल्कि पिछले दो वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिताब जीतने वाली अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम, 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम और अंडर–19 विश्व कप जीतने वाली पुरुष एवं महिला टीमों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ को भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव देवाजीत सैकिया ने मीडिया से बातचीत में इस कार्यक्रम की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में भारतीय टीमों ने कई आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीते हैं, इसलिए सभी विजेता खिलाड़ियों को एक साथ सम्मानित करना बोर्ड के लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 को लेकर भी गतिविधियां तेज हो जाएंगी।

संभावना है कि 15 मार्च को दिल्ली में ही आईपीएल टीमों के कप्तानों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में नए नियमों की जानकारी दी जाएगी और कप्तानों का आधिकारिक फोटोशूट भी किया जा सकता है। कुल मिलाकर 15 मार्च का दिन भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद खास और व्यस्त रहने वाला है, जब कई चैंपियन खिलाड़ियों को एक मंच पर सम्मानित किया जाएगा।

हंसिका मोटवानी और सोहेल खतुरिया का तलाक, चार साल में टूटी शादी

यूनिक समय, नई दिल्ली। अभिनेत्री हंसिका मोटवानी की निजी जिंदगी को लेकर पिछले कुछ महीनों से चर्चा चल रही थी। खबरें थीं कि उनके और उनके पति सोहेल खतुरिया के रिश्ते में सब कुछ ठीक नहीं है और दोनों अलग रह रहे हैं। अब इन अटकलों पर विराम लगाते हुए एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई की बांद्रा फैमिली कोर्ट ने हंसिका मोटवानी और सोहेल खतुरिया के तलाक को मंजूरी दे दी है। शादी के करीब चार साल बाद दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। हंसिका और सोहेल ने 4 दिसंबर 2022 को जयपुर में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से शादी की थी। उनकी शादी काफी चर्चा में रही थी और इसे 'लव शादी ड्रामा' नाम से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी स्ट्रीम किया गया था। हालांकि शादी के कुछ समय बाद ही उनके रिश्ते में तनाव की खबरें सामने आने लगी थीं। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, दोनों के स्वभाव, विचार और जीवनशैली में काफी अंतर था, जिसके कारण उनके बीच अक्सर विवाद होने लगे। छोटी-छोटी बातों पर झगड़े बढ़ने लगे और साथ रहना मुश्किल हो गया।

परिवार और दोस्तों ने रिश्ते को बचाने की कोशिश भी की, लेकिन बात नहीं बन सकी। बताया जा रहा है कि दोनों 2 जुलाई 2024 से अलग-अलग रह रहे थे। तलाक की प्रक्रिया के दौरान हंसिका मोटवानी ने अपने स्त्रीधन और भरण-पोषण (एलिमनी) से जुड़ा कोई भी दावा नहीं किया है।

गौरतलब है कि सोहेल खतुरिया की यह दूसरी शादी थी। इससे पहले वह हंसिका की दोस्त रिंकी बजाज के पति थे। रिंकी से अलग होने के बाद उन्होंने हंसिका से शादी की थी।

मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण अफगानिस्तान और श्रीलंका सीरीज अनिश्चित काल के लिए टली

यूनिक समय, नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खत्म होने के बाद जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में द्विपक्षीय सीरीज शुरू हो रही हैं, वहीं अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच होने वाली लिमिटेड ओवर्स सीरीज को फिलहाल टाल दिया गया है। अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच 13 से 25 मार्च तक यूएई में तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी थी, लेकिन मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया है।

इस सीरीज के शेड्यूल की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम भी घोषित कर दी थी। हालांकि, क्षेत्र में बढ़ते तनाव और यात्रा से जुड़ी दिक्कतों के कारण आयोजकों को यह निर्णय लेना पड़ा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव नसीब खान ने क्रिकबज से बातचीत में इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने श्रीलंका में सीरीज कराने के विकल्प पर भी विचार किया था और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के साथ लगातार संपर्क में रहा। लेकिन उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सुरक्षा व्यवस्था करना भी काफी चुनौतीपूर्ण था। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए अंत में इस व्हाइट–बॉल सीरीज को पोस्टपोन करने का फैसला लिया गया।

नसीब खान ने यह भी जानकारी दी कि अब इस सीरीज को साल के आखिर में आयोजित कराने की योजना बनाई जाएगी। खास बात यह थी कि इस टी20 सीरीज में अफगानिस्तान टीम नए कप्तान इब्राहिम जादरान की अगुवाई में खेलने वाली थी, जिन्हें राशिद खान की जगह कप्तान बनाया गया है।

मलाइका अरोड़ा के साथ सोराब बेदी ने किया डांस, वीडियो वायरल

यूनिक समय, नई दिल्ली। हाल ही में एक इवेंट में मलाइका अरोड़ा और स्प्लिट्सविला 16 फेम सोराब बेदी का एक कोजी डांस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में दोनों को साथ में डांस करते और पार्टी एंजॉय करते देखा गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके डेटिंग की अफवाहें फैलने लगीं। अब इन चर्चाओं पर सोराब बेदी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पिंकविला के एक पॉडकास्ट में सोराब बेदी ने साफ किया कि उनके और मलाइका अरोड़ा के बीच किसी तरह का रोमांटिक रिश्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच सिर्फ दोस्ती है और यह दोस्ती आज की नहीं बल्कि कई साल पुरानी है।

सोराब ने बताया कि वह मलाइका को अपने मॉडलिंग के शुरुआती दिनों से जानते हैं। उस समय मलाइका उनके कुछ करीबी दोस्तों के साथ काम करती थीं और वहीं से उनकी पहचान हुई। उन्होंने कहा कि वह पहले भी मलाइका के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते रहे हैं, लेकिन तब उन्हें इतनी पहचान नहीं मिली थी इसलिए लोगों का ध्यान नहीं गया। दरअसल यह चर्चा मलाइका अरोड़ा के नए रेस्टोरेंट की ओपनिंग पार्टी के बाद शुरू हुई, जहां दोनों साथ में जश्न मनाते नजर आए थे। सोराब ने स्पष्ट किया कि वह सिर्फ एक दोस्त के तौर पर वहां मौजूद थे।

बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का शर्मनाक प्रदर्शन

यूनिक समय, नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश दौरे पर अपने प्रदर्शन से एक बार फिर निराश किया है। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान की पूरी टीम केवल 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह मैच 50 ओवर का था, लेकिन पाकिस्तानी बल्लेबाज 30.4 ओवर ही खेल पाए और पूरी टीम पवेलियन लौट गई।

इस खराब प्रदर्शन के साथ ही पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना 27 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले साल 1999 में पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ 161 रन बनाए थे, जो उस समय उनका सबसे छोटा स्कोर था। अब 114 रन बनाकर टीम ने अपने ही इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पारी की शुरुआत हालांकि ठीक रही और पाकिस्तान के ओपनरों ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। लेकिन इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे और पूरी बल्लेबाजी लाइनअप बिखर गई। अंत में आखिरी विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी हुई, जिससे टीम का स्कोर 114 तक पहुंच सका। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 37 रन फहीम अशरफ ने बनाए, जबकि साहिबजादा फरहान ने 27 रन की पारी खेली।

बांग्लादेश की ओर से नाहिद राणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट झटके। उनके अलावा मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट लिए, जबकि तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को 1-1 सफलता मिली।

अदा शर्मा ने प्रोड्यूसर पर लगाया आरोप

यूनिक समय, नई दिल्ली। फिल्म द केरल स्टोरी से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा ने हाल ही में खुलासा किया है कि वह पिछले एक महीने से काम के बिना घर पर बैठी हैं। अदा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि एक फिल्म के प्रोड्यूसर द्वारा बार-बार शूटिंग शेड्यूल बदलने की वजह से उनकी बाकी फिल्मों की डेट्स क्लैश हो गईं। अदा के मुताबिक उन्होंने एक साथ तीन प्रोजेक्ट साइन किए थे, लेकिन पहली फिल्म का शेड्यूल लगातार बदलता रहा। जब उन्होंने तय तारीखों पर शूटिंग करने की बात कही तो प्रोड्यूसर ने उनके मैनेजर पर दबाव डाला और कथित तौर पर अपशब्द भी कहे।

'वेलकम 4' पर काम शुरू

मजनू भाई–उदय भाई और डॉक्टर घुंघरू फिर लगाएंगे हंसी का तड़का

यूनिक समय, नई दिल्ली। बॉलीवुड की लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'वेलकम' को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने पुष्टि की है कि 'वेलकम 4' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू हो चुका है। इससे पहले दर्शक अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का इंतजार कर रहे हैं, और अब चौथे भाग की खबर ने फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। फिल्म में एक बार फिर उदय भाई, मजनू भाई और डॉक्टर घुंघरू जैसे मशहूर किरदारों की वापसी देखने को मिल सकती है। इस बार कहानी का दायरा पहले से बड़ा होगा और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करने की योजना बनाई जा रही है। निर्माता के अनुसार फिल्म में ग्लोबल म्यूजिक का खास तड़का होगा, जिसमें चीन, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका और अमेरिका के संगीत का फ्यूजन देखने को मिलेगा। इसके साथ ही फिल्म में बड़े स्तर का एक्शन और कॉमेडी का जबरदस्त मिश्रण भी होगा। 'वेलकम 4' की कहानी में इस बार एक नहीं बल्कि कई खतरनाक विलेन नजर आएंगे। ऐसे में उदय भाई, मजनू भाई और डॉक्टर घुंघरू के साथ उनका टकराव दर्शकों के लिए मनोरंजन का बड़ा पैकेज साबित हो सकता

आईपीएल से पहले सनराइजर्स हैदराबाद और सीएसके के लिए खुशखबरी

यूनिक समय, नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का आगाज इस महीने के आखिर में होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होकर 30 मई तक चल सकता है। इससे पहले सभी टीमें अपनी तैयारियों में जुट चुकी हैं और जल्द ही खिलाड़ी भी अपनी-अपनी टीमों के कैंप से जुड़ने वाले हैं। इसी बीच सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छी खबर सामने आई है।

सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज आईसीसी टी20 रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप पोजीशन पर बने हुए हैं। टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा लंबे समय से आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा, लेकिन इसके बावजूद उनकी रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा है। अब आईपीएल 2026 में उनसे टीम को शानदार शुरुआत दिलाने की उम्मीद रहेगी। वहीं ईशान किशन ने भी शानदार वापसी करते हुए आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। करीब दो साल बाद टीम इंडिया में लौटने के बाद उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और तेजी से रैंकिंग में ऊपर पहुंचे। उम्मीद है कि आईपीएल 2026 में वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नजर आएंगे। दूसरी ओर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खुशखबरी है। इस सीजन में संजू सैमसन पहली बार सीएसके के लिए खेलते नजर आएंगे। इससे पहले वह राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे थे। हाल ही में जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में उन्होंने बड़ी छलांग लगाते हुए 65वें स्थान से 22वें स्थान तक पहुंचने में सफलता हासिल की है। टी20 विश्व कप 2026 के आखिरी मैचों में उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें रैंकिंग में तेजी से ऊपर पहुंचाने में मदद की है। ऐसे में आईपीएल 2026 में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहने वाली हैं।

आरोपियों ने जामताड़ा से सीखी ठगी

बंगाल में बैठकर 50 लाख की साइबर धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

यूनिक समय, वाराणसी। साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने जामताड़ा में साइबर अपराध की ट्रेनिंग ली और इसके बाद अंडाल में ठिकाना बनाकर लोगों को ठगना शुरू किया। पुलिस ने इस मामले में दो चचेरे भाइयों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में करीब 50 लाख रुपये की ठगी करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नागेश्वर मंडल और अक्षय मंडल के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के अंडाल क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार दोनों साइबर अपराधियों ने एपीके फाइल के जरिए

मोबाइल हैक करने की तकनीक अपनाई थी। इसी तरीके से उन्होंने वाराणसी के रामनगर निवासी ईंट कारोबारी अनूप गुप्ता को निशाना बनाया और उनके मोबाइल पर ट्रोजन आधारित एपीके फाइल भेजी। जैसे ही पीड़ित ने फाइल डाउनलोड की, उसका फोन हैक हो गया और बैंक से जुड़े ओटीपी व अन्य जानकारी ठगों तक पहुंच गई। इसके बाद म्यूल खातों के माध्यम से 8.38 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने साइबर ठगी से अर्जित रकम से लगभग 25 लाख रुपये का मकान खरीदा और अपने नेटवर्क को चलाने के लिए करीब 10 मोबाइल फोन भी खरीदे थे। दोनों के निशाने पर लगभग 100 लोग थे और वे टेलीग्राम बॉट के जरिए लोगों को फर्जी संदेश भेजते थे। पुलिस ने सर्विलांस और डिजिटल फुटप्रिंट की मदद से दोनों को अंडाल से गिरफ्तार किया। मामले की जांच कर रही साइबर क्राइम टीम अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और म्यूल खातों की भी तलाश कर रही है। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि ठगी से अर्जित संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई भी की जा सकती है।

शादी समारोह में पूर्व प्रधानपति की गोली मारकर हत्या

यूनिक समय, शामली/ बागपत। दोघट कस्बे में एक शादी समारोह के दौरान विवेक मलिक उर्फ विक्की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह बहावड़ी गांव के निवासी थे और अपनी पत्नी के साथ समारोह में शामिल होने आए थे।

मृतक की पत्नी और पूर्व प्रधान बबली ने बताया कि रात करीब एक बजे बारात की चढ़त की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान विवेक मलिक ने कहा कि वह दो मिनट में लौटते हैं और विवाह स्थल से बाहर चले गए। जैसे ही वह बाहर पहुंचे, पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि अन्य हमलावर मौके से फरार हो गए। मृतक के चचेरे भाई विपिन देशवाल ने बताया कि बदमाशों ने उस पर भी गोलियां चलाईं, लेकिन वह किसी तरह भागकर बच गया। परिजनों का आरोप है कि यह हत्या आगामी ग्राम प्रधान चुनाव की रंजिश के चलते की गई है।

आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला नौसेना का जवान गिरफ्तार

यूनिक समय, आगरा। एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में भारतीय नौसेना के जवान आदर्श कुमार उर्फ लकी को आगरा से गिरफ्तार किया है। अदालत ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

एटीएस के अनुसार आदर्श कुमार दक्षिण नेवल कमांड में तैनात था और सामरिक महत्व की सूचनाएं आईएसआई को भेज रहा था। उसने युद्धपोतों की तस्वीरें और लोकेशन अपने पाकिस्तानी हैंडलर को भेजीं, जिसके बदले उसके खाते में पैसे भेजे गए। काफी समय से वह एटीएस की निगरानी में था। जानकारी के मुताबिक, आदर्श 19 फरवरी को शादी के लिए छुट्टी लेकर अपने गांव आया था। उसकी

शादी के बाद हनीमून से लौटा था

शादी हाथरस की एक युवती से हुई थी। शादी के बाद वह हनीमून मनाने दुबई गया था। दो दिन पहले लौटने के बाद पुख्ता साक्ष्य मिलने पर एटीएस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गांव के लोगों के अनुसार, आदर्श के खर्चे देखकर पहले से ही चर्चा होती रहती थी। उसके पिता बलबीर सिंह शराब के ठेकेदारी का काम करते हैं। गिरफ्तारी के बाद गांव में चर्चा का माहौल है, जबकि परिवार ने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। जांच एजेंसियां अब मामले की गहराई से पड़ताल कर रही हैं।

महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

यूनिक समय, मेरठ। सदर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला का शव कमरे में पंखे से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में यह कदम उठाया। आसपास के लोगों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इसके लिए महिला के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पांच साल से फरार 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

यूनिक समय, अलीगढ़। एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने पांच साल से फरार 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज थे और पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी।

एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी खुर्जा में एनटीपीसी और टीएचडीसी के पास निर्माणाधीन स्कूल की इमारत में छिपकर रह रहा है और वहीं मजदूरी कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मंगलवार देर रात घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार अमित शर्मा मूल रूप से नौरंगाबाद का रहने वाला है। वर्ष 2003 में उसने अपने साथी के साथ मिलकर देहलीगेट क्षेत्र में एक रेलवे अधिकारी से लूट की वारदात की थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके अलावा वर्ष 2012 में क्वार्सी थाना क्षेत्र में नकली भारतीय मुद्रा के मामले में भी उसे गिरफ्तार किया गया था। वर्ष 2019 में सासनीगेट क्षेत्र की एक वारदात के दौरान उसके पांच साथी पकड़े गए थे, लेकिन वह फरार हो गया था। फिलहाल एसटीएफ आरोपी के आपराधिक इतिहास और अन्य गतिविधियों की जांच कर रही है।

लखनऊ में शंकराचार्य का गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद

यूनिक समय, लखनऊ । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने लखनऊ में गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद किया। आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-धर्माचार्य, गो-रक्षक और समर्थक मौजूद रहे। इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से धर्माचार्य मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे थे।

कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य ने गो-संरक्षण को लेकर लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को दोहराते हुए कहा कि इसके लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। हाल के दिनों में गो-रक्षा आंदोलन को लेकर उनके बयान लगातार चर्चा में रहे हैं। इस कार्यक्रम में देव मुरारी बापू भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आयोजन को रोकने की कई कोशिशें की गईं, लेकिन वे सफल नहीं हो सकीं और संत समाज एकजुट होकर कार्यक्रम में शामिल हुआ। आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कार्यक्रम के लिए प्रशासन की ओर से कई शर्तों के साथ अनुमति दी गई थी और पूरे परिसर में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

यूनिक समय, गोरखपुर। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में चिड़ियाघर के पास रुपये के लेनदेन के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। फायरिंग में घायल युवक को इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, घायल प्रियांशु सिंह (25) गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीए का छात्र है। वह अपने मित्र शशांक त्रिपाठी के साथ रुपये लेने के लिए चिड़ियाघर के पास पहुंचा था। आरोप है कि बड़हलगंज निवासी पंकज शाही ने पैसे लौटाने के बहाने दोनों को वहां बुलाया था।

बातचीत के दौरान रुपये को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और

विवाद बढ़ गया। इसी दौरान पंकज शाही ने अपने पास मौजूद असलहे से फायर कर दिया।

गोली प्रियांशु सिंह के घुटने और पैर के निचले हिस्से में लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। विरोध करने पर शशांक त्रिपाठी के सिर पर असलहे के बट से वार किया गया, जिससे उसका सिर फट गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

मिर्ची पाउडर डालकर लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

यूनिक समय, आगरा। आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में किसान से आठ लाख रुपये लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार छह मार्च को पिन्नपुरा गांव निवासी निहाल सिंह अपने चाचा बच्चू सिंह के साथ तहसील से खेत बेचकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर आठ लाख रुपये लूट लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतापपुरा मोड़ भरापुर अंडरपास के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी वेद प्रकाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। पुलिस ने वेद प्रकाश, श्यामू और रवींद्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, अपाचे बाइक और लूट के चार लाख रुपये बरामद किए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

जेएन मेडिकल कॉलेज के लेबर रूम का वीडियो वायरल, जांच शुरू

यूनिक समय, अलीगढ़। एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में लेबर रूम के अंदर महिला की डिलीवरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि प्रसव के दौरान बनाया गया यह वीडियो एक जूनियर डॉक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर दिया। वीडियो वायरल होते ही मरीज की गोपनीयता और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। मामला सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया।

धुंध से लखनऊ एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित, हैदराबाद की फ्लाइट दिल्ली डायवर्ट

यूनिक समय, लखनऊ । बुधवार सुबह घनी धुंध के कारण हवाई सेवाएं प्रभावित रहीं। इंडिगो की हैदराबाद से आने वाली उड़ान लखनऊ एयरपोर्ट पर कम दृश्यता के कारण उतर नहीं सकी और उसे नई दिल्ली के लिए डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार सुबह से दृश्यता कम होने के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी।

धुंध का असर अन्य उड़ानों पर भी

दृश्यता कम होने के कारण विमान को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई

पड़ा। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान करीब एक घंटे देरी से रवाना हुई, जबकि बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट भी लगभग सवा घंटे बाद उड़ान भर सकी। दम्माम के लिए निर्धारित उड़ान भी तय समय से काफी देर से रवाना हुई। वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण खाड़ी देशों की कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी रद्द कर दी गईं। अबूधाबी और शारजाह से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ानें निरस्त रहीं। इसके अलावा लखनऊ से अबूधाबी, दम्माम और शारजाह जाने वाली कई उड़ानों को भी रद्द करना पड़ा। धुंध और अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि एयरपोर्ट प्रशासन ने स्थिति सामान्य होने तक यात्रियों से उड़ान संबंधी जानकारी लेते रहने की सलाह दी है।

मार्च में लौटा सर्दियों का कोहरा, बदला मौसम का मिजाज

यूनिक समय, बरेली। बरेली और आसपास के जिलों में मार्च में सर्दियों जैसा कोहरा देखने को मिल रहा है। बुधवार सुबह शहर और ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और सड़कों पर वाहनों को धीमी गति से चलना पड़ा। मंगलवार को भी सुबह कोहरा और दिनभर हल्की धुंध बनी रही। इसी तरह बदायूं और शाहजहांपुर के कई क्षेत्रों में भी सुबह के समय कोहरे की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश के निचले क्षोभमंडल में चल रही नम पुरवा हवाओं के कारण वातावरण में नमी बढ़ गई है।

इसी वजह से सुबह कोहरा और दिन में धुंध की स्थिति बन रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन-चार दिनों तक सुबह के समय कोहरा और दिन में धुंध बने रहने की संभावना है, जबकि तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा।

एक दुल्हन के लिए पहुंचीं दो बारात उम्र के विवाद में टली शादी

यूनिक समय, मुजफ्फरनगर। खतौली क्षेत्र के एक गांव में शादी के दिन अजीब स्थिति बन गई, जब एक ही दुल्हन के लिए दो दूल्हे बारात लेकर पहुंच गए। इस अनोखे मामले ने गांव में हलचल मचा दी, लेकिन अंत में दोनों बारातों को बिना फेरे लिए ही लौटना पड़ा।

परिजनों के अनुसार लड़की की शादी छह माह पहले शामली के बाबरी गांव निवासी युवक से तय हुई थी। हालांकि शादी से एक दिन पहले दूल्हे के भाई का निधन हो गया, जिससे बरात आने को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई। इसी बीच दुल्हन के परिजनों ने मेरठ के डिग्गी गांव निवासी दूसरे युवक से जल्दबाजी में रिश्ता तय कर लिया और अगले दिन बरात बुला ली। दोनों

मेडिकल जांच और ओसिफिकेशन टेस्ट से तय की जाएगी उम्र

पक्षों की बारात गांव पहुंच गई, जिससे हंगामे जैसी स्थिति बन गई। इसी दौरान किसी ने लड़की के नाबालिग होने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को दे दी। टीम मौके पर पहुंची, लेकिन परिजन लड़की की आयु का प्रमाणपत्र नहीं दिखा सके। इसके बाद किशोरी को जिला अस्पताल के वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। वहां मेडिकल जांच और ओसिफिकेशन टेस्ट से उम्र तय की जाएगी। उम्र का विवाद सामने आते ही दोनों दूल्हे अपनी-अपनी बारात लेकर वापस लौट गए।

सार संक्षेप

'भारत टैक्सी' सेवा अन्य राज्यों में भी शुरू होगी

यूनिक समय, नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि कोऑपरेटिव सेक्टर की राइड–हेलिंग सेवा 'भारत टैक्सी' को अगले 2-3 वर्षों में देश के सभी बड़े शहरों और तालुकाओं तक विस्तार दिया जाएगा। कोऑपरेशन राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि यह सेवा ड्राइवरों को मजबूत बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। फिलहाल यह सेवा दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ व द्वारका में संचालित हो रही है।

अहमदाबाद में ड्रग तस्करी पर 20 साल की सजा

यूनिक समय, नई दिल्ली। अहमदाबाद की अदालत ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी मामले में नाइजीरिया और जाम्बिया के दो नागरिकों को 20 साल की कठोर कैद और दो-दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। दोनों को 2021 में 2.75 किलोग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। वहीं मणिपुर में पुलिस ने तीन जिलों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और कांगपोम्पी जिले में करीब 10 एकड़ अफीम की खेती भी नष्ट की।

मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स में 13 मार्च तक कर्फ्यू

यूनिक समय, नई दिल्ली। मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स में पुलिस फायरिंग में दो लोगों की मौत के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। प्रशासन ने शांति बनाए रखने के लिए कर्फ्यू 13 मार्च सुबह 12 बजे तक बढ़ा दिया है। जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। तुरा और चिबिनंग क्षेत्रों में सेना व अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, जबकि स्थिति सामान्य होने तक स्थानीय परिषद के चुनाव भी टाल दिए गए हैं।

फुकेट एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान की हार्ड लैंडिंग

यूनिक समय, नई दिल्ली। थाईलैंड के फुकेट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान एएक्सबी 938 की हार्ड लैंडिंग करानी पड़ी। यह विमान हैदराबाद से उड़ान भरकर फुकेट पहुंचा था और इसमें 140 लोग सवार थे। शुरुआती जांच में लैंडिंग गियर में खराबी और विमान के अगले हिस्से को नुकसान होने की बात सामने आई है। सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। घटना के बाद रनवे अस्थायी रूप से बंद कर जांच शुरू कर दी गई है।

50 हजार तक की डिजिटल ठगी पर 85 प्रतिशत मुआवजे का प्रस्ताव

यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने ऑनलाइन ठगी के मामलों में राहत के लिए नया ड्राफ्ट जारी किया है। प्रस्ताव के अनुसार 50 हजार रुपये तक की डिजिटल ठगी पर नुकसान का 85% या अधिकतम 25 हजार रुपये (जो कम हो) मुआवजा मिल सकेगा। यह सुविधा जीवन में एक बार मिलेगी और घटना के 5 दिन के भीतर बैंक व साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत जरूरी होगी। 1 जुलाई 2026 से नियम लागू करने का प्रस्ताव है।

मोदी ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' किया

कोच्चि में करोड़ों की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

यूनिक समय, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल के कोच्चि पहुंचे और अखिल केरल धीवर सभा के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने केरल के नाम को आधिकारिक रूप से बदलकर 'केरलम' करने की घोषणा का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि मलयाली भाइयों और बहनों की यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी और अब उन्हें उनका उचित नाम मिला है। मोदी ने इस अवसर पर राज्यवासियों को बधाई दी और खुशी व्यक्त की कि केरलम की पहचान अब उनके सांस्कृतिक गौरव के अनुरूप है।

पीएम मोदी ने केरल के एर्नाकुलम में करीब 10,800 करोड़ और तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ के विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं ऊर्जा, हाईवे, ग्रामीण अवसंरचना, रेलवे और अन्य क्षेत्रों से संबंधित हैं। मोदी दोपहर में एर्नाकुलम में एनडीए की रैली को भी संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार का विकास और 'गुड गवर्नेंस' एजेंडा राज्य के युवाओं की उम्मीदों को पूरा करेगा। उन्होंने मछुआरों और स्थानीय समुदायों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित करने की केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी का जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे तमिलनाडु और विशेष रूप से मदुरै के विकास की संभावनाओं में काफी वृद्धि होगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि तमिलनाडु में एनडीए की लोकप्रियता बढ़ने से डीएमके पार्टी परेशान है।

उन्होंने कहा कि लोग विकास के एजेंडे और एनडीए के कार्यों के कारण समर्थन कर रहे हैं। मोदी ने पहले 1 मार्च को पुडुचेरी और तमिलनाडु में 7,100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन कर चुके हैं, जिसमें रेलवे स्टेशन और ट्रांसमीटर भी शामिल हैं। इस दौरे के जरिए मोदी ने केरल और तमिलनाडु में विकास, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व को प्रमुखता दी और एनडीए के विकासवादी एजेंडे को जनता के सामने रखा।

वैश्विक तेल कीमतों को स्थिर रखने में भारत की भूमिका अहम: अमेरिकी राजदूत

यूनिक समय, नई दिल्ली। भारत वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह बात भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कही। उन्होंने बताया कि इसी कारण व्हाइट हाउस ने भारत को रूसी कच्चा तेल खरीदने की अस्थायी अनुमति दी है।



गोर ने सोशल मीडिया पर कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल उपभोक्ताओं और रिफाइनरों में से एक है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता बनाए रखने में उसकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मिलकर ऊर्जा बाजार को संतुलित रखने के लिए काम कर रहे हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले व्हाइट हाउस ने ईरान से जुड़े मध्य पूर्व संघर्ष के कारण उत्पन्न तेल आपूर्ति संकट के बीच भारत को रूसी तेल खरीदने की अस्थायी छूट दी है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने लगभग 30 दिनों की यह छूट जारी की है, जो 5 मार्च तक लोड किए गए रूसी तेल पर लागू होगी। सूत्रों के मुताबिक छूट के संकेत मिलते ही भारतीय रिफाइनरों ने लगभग तीन करोड़ बैरल रूसी तेल की खरीद की है। भारत ने पहले अमेरिकी दबाव के चलते रूसी तेल आयात कुछ कम किया था, लेकिन मध्य पूर्व में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट के कारण आपूर्ति प्रभावित होने लगी। भारत ने साफ किया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है और किसी विदेशी सरकार की अनुमति पर निर्भर नहीं करती।

एलपीजी संकट पर केजरीवाल ने विदेश नीति पर उठाए सवाल

यूनिक समय, नई दिल्ली। देश में एलपीजी संकट को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के कारण देश ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रहा है।

केजरीवाल ने कहा कि एलपीजी उत्पादन में लगभग 50 प्रतिशत गिरावट आई है और आयात का बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से आता था, जो मौजूदा तनाव के कारण प्रभावित हो गया है। इससे होटल, रेस्टोरेंट और उद्योगों पर गंभीर असर पड़ा है।

उन्होंने दावा किया कि मुंबई में करीब 20 प्रतिशत होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं, जबकि तमिलनाडु में हजारों होटल बंद होने के कगार पर हैं। गुजरात के मोरबी में भी कई उद्योग बंद होने से बड़ी संख्या में लोगों की नौकरियां प्रभावित हुई हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा को इच्छामृत्यु की अनुमति दी: देश में पहला मामला

यूनिक समय, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पैसिव यूथेनेशिया यानी इच्छामृत्यु के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया। गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा, जो पिछले 13 साल से कोमा में हैं, उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाने की अनुमति दी गई। यह देश में ऐसा पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश का लाइफ सपोर्ट चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए, ताकि उनकी गरिमा बनी रहे।

हरीश 2013 में चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई के दौरान हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए थे। उन्हें क्वाड्रिप्लेजिया और कोमा की गंभीर स्थिति में रखा गया, जिसमें वे केवल फीडिंग ट्यूब और वेंटिलेटर पर निर्भर हैं। लंबे समय तक बिस्तर पर रहने की वजह से उनके शरीर पर गहरे घाव भी बन गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लाइफ सपोर्ट हटाने का निर्णय मरीज के सर्वोत्तम हित और चिकित्सा उपचार की श्रेणी में होना चाहिए। जस्टिस पारदीवाला ने अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि मरने के अधिकार पर विचार आवश्यक है।

31 वर्षीय हरीश राणा 13 साल से कोमा में हैं

बीटेक की पढ़ाई के दौरान हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए थे

2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेशिया को वैध मानते हुए दो प्रक्रियाएँ निर्धारित की थीं। एक, जब मरीज ने पहले लिविंग विल बनाई हो, और दूसरी, जब मरीज ने नहीं बनाई हो, तब परिवार और मेडिकल बोर्ड की मंजूरी आवश्यक होती है। हरीश का केस इस नियम को लागू करने वाला पहला मामला है। इससे पहले 2011 में अरुणा शानबाग केस में सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेशिया को कानूनी मान्यता दी थी, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया। हरीश राणा का मामला अब भारत में इच्छामृत्यु के लिए दिशा-निर्देशों को वास्तविक रूप में लागू करने वाला पहला उदाहरण बन गया है।

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामा

राहुल गांधी ने सरकार पर लगाया आरोप

यूनिक समय, नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि उन्हें बारबार बोलने से रोका गया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को संसद में बोलने का अधिकार होना चाहिए, लेकिन हर बार उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पीएम समझौता कर चुके हैं और संसद में उपस्थित नहीं हैं। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रीय सुरक्षा, अमेरिका–भारत व्यापार और एलपीजी आपूर्ति जैसे मुद्दों पर बोलने से रोका गया। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री मोदी सदन में क्यों नहीं हैं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू हमेशा उपस्थित रहते थे। वहीं, केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी बार-बार संसद और संविधान का मजाक उड़ाते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष सदन को अराजकता में बदलना चाहता है और स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव केवल उत्तेजना फैलाने के लिए लाया गया।

संसद में इस दौरान विपक्ष और सरकार के बीच तीखी बहस और नारेबाजी जारी रही। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि स्पीकर हाउस के प्रति उत्तरदायी हैं और उनका पद हमेशा उतार-चढ़ाव देख चुका है। विपक्ष की मांगों और आरोपों के बावजूद सरकार ने इसे नियमों के अनुसार संभालने का प्रयास किया।

दुबई एयरपोर्ट के पास ड्रोन हमला नाकाम एक भारतीय समेत चार घायल

यूनिक समय, नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास संदिग्ध ड्रोन हमले की कोशिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। गिरते समय मलबे की चपेट में आने से एक भारतीय नागरिक समेत चार लोग घायल हो गए।

ड्रोन गिरने से दो घाना और एक बांग्लादेशी नागरिक को हल्की चोटें आईं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोट लगी है। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस घटना के बावजूद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल यह जांच कर रही हैं कि ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें किस उद्देश्य से उड़ाया गया था। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव के कारण पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है और मिसाइल व ड्रोन हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटीं

मणिपुर में जनगणना के खिलाफ प्रदर्शन

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर छोड़े आंसू गैस के गोले

यूनिक समय, नई दिल्ली। मणिपुर के इंफाल में बुधवार को जस्ट एंड फेयर डिलिमिटेशन (जेएफडी) के तहत चल रही जनगणना प्रक्रिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने इंफाल के इमा मार्केट में इकट्ठा होकर अपनी नाराजगी जताई।

स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान कुछ जगह तनावपूर्ण हालात बने, लेकिन पुलिस ने स्थिति पर काबू पा लिया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राज्य में जनसंख्या के सही आंकड़े और अवैध घुसपैठ के मुद्दों को पहले स्पष्ट करना जरूरी है। उनका दावा है कि यदि इन मुद्दों को पहले सुलझाया नहीं गया तो जनगणना के आधार पर होने वाला डिलिमिटेशन निष्पक्ष नहीं होगा। स्थानीय लोगों का कहना था कि जनगणना और डिलिमिटेशन सीधे राज्य की राजनीतिक और सामाजिक संरचना को प्रभावित करेंगे। उन्होंने प्रशासन और सरकार से आग्रह किया कि सभी विवादित मुद्दों को हल करने के बाद ही आगे बढ़ा जाए। इस प्रदर्शन ने मणिपुर में जनगणना प्रक्रिया और डिलिमिटेशन को लेकर सार्वजनिक असंतोष को उजागर किया है। प्रशासन ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रशासन ने कहा–कानून व्यवस्था बनाए रखने को उठाए जा रहे आवश्यक कदम

जर्जर स्कूल बस की सीट टूटी

नौ वर्षीय छात्रा नीचे गिरी पहिया चढ़ने से दर्दनाक मौत

यूनिक समय, आगरा। थाना एत्मादपुर क्षेत्र के नगला काले गांव में बुधवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां चलती स्कूल बस की जर्जर सीट टूटने से उस पर बैठी नौ वर्षीय छात्रा नीचे गिर गई और बस का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। गंभीर रूप से घायल छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार नगला काले निवासी ब्रह्मजीत की नौ वर्षीय बेटी नैना एत्मादपुर स्थित आरबीएस स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। परिजनों के मुताबिक नैना रोज की तरह स्कूल बस से ही पढ़ने जाती थी और दोपहर में उसी बस से घर लौटती थी। बुधवार को भी स्कूल की छुट्टी के बाद वह बस में बैठकर घर लौट रही थी। बताया गया है कि बस काफी जर्जर हालत में थी और उसकी कई सीटें खराब थीं। सीटों की टूटी हुई हालत को छिपाने के लिए उन पर चद्दर डाल दी गई थी। जैसे ही बस गांव के पास पहुंची, उसी दौरान नैना जिस सीट पर बैठी थी वह अचानक टूटकर नीचे गिर गई। इससे नैना संतुलन खोकर बस के नीचे जा गिरी और देखते ही देखते बस का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया।

बस में बैठे अन्य बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद चालक ने बस रोकी। जब तक बस रोकी गई तब तक नैना गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी और खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। आनन–फानन में उसे उपचार के लिए गोयल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर जब काफी देर तक नैना घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने स्कूल में संपर्क किया, जहां से उन्हें बताया गया कि बच्ची के साथ हादसा हो गया है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। यह खबर सुनते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां नैना की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद नैना की मां और दादी बेसुध हो गईं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि बस की हालत बेहद खराब थी और सीटें पूरी तरह जर्जर थीं, फिर भी बच्चों को उसी बस में लाया–ले जाया जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सब–इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पर सख्त पहरा

विशेष संवाददाता

यूनिक समय मथुरा/लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 14 और 15 मार्च को होने वाली सब–इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने कड़े सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर पीआरवी–112 (पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल) की तैनाती अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अव्यवस्था की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। सरकार ने परीक्षा के दौरान नकल, फर्जीवाड़ा और पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग को समन्वय के साथ काम करने को कहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना को तुरंत रोका जा सके।

हर केंद्र पर पीआरवी–112 रहेगी तैनात

परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता हर हाल में सुनिश्चित करें अधिकारी: मुख्यमंत्री

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं का स्वागत

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीते तरुण व दिव्यांशु का उजाला एचपी सेंटर पर स्वागत करते लोग।

यूनिक समय, चौमुहाँ (मथुरा)। वाराणसी में संपन्न हुई अंडर–15 कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाने वाले पहलवान तरुण सिसोदिया और दिव्यांशु सिसोदिया का जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव अकबरपुर के उजाला एचपी सेंटर पर तरुण व दिव्यांशु पहलवान का पटुका, फूल माला पहनकर ढोल–नगाड़ों के साथ जोशीला स्वागत किया गया। वाराणसी में 17 से 19 फरवरी तक आयोजित इस चैंपियनशिप में तरुण सिसोदिया ने 41 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक (सिल्वर मेडल) और दिव्यांशु सिसोदिया ने 38 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) जीतकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का एक बेहतर संदेश भी दिया है। कार्यक्रम के आयोजक विद्युत विभाग के पूर्व एमडी एवं पूर्व सरकार के विद्युत सलाहकार कृपाल सिंह ने दोनों ही पहलवानों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अभिषेक सिंह ने कहा कि युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत होने के लिए खेलों को माध्यम बनाना जरूरी है। कार्यक्रम में दुष्यंत सिंह, कृष्णा सिसोदिया, प्रमुख दाताराम सिसोदिया, सौदान सिंह राजपूत, रतन सिंह, दीवान सिंह, राज सिसोदिया, आकाश यादव, हरिओम सिसोदिया, अंशुल तथा कृष्ण सिंह आदि उपस्थित थे।

होली मिलन में राधा कृष्ण संग फूलों व लठामार होली का बरसा रस

होली मिलन समारोह का शुभारंभ करते मण्डल के अध्यक्ष डॉ. अंशुमान गोयल, उपाध्यक्ष विवेक सूतिया, पं. अमित भारद्वाज, बंटी गोला अंकित कसेरे आदि।

यूनिक समय, मथुरा। माँ वैष्णो देवी मित्र मण्डल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मण्डल के अध्यक्ष डॉ. अंशुमान गोयल, उपाध्यक्ष विवेक सूतिया, पं. अमित भारद्वाज, बंटी गोला अंकित कसेरे ने माँ वैष्णो के चित्रपट पर माल्यार्पण व मंगल द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। आकाशवाणी व भजन गायकों ने रसिया व होली गीतों से वातावरण रंगमय बना दिया। मण्डल परिवार की महिला व पुरुषों के मध्य लठामार होली ने सभी को आनन्दित किया। राधा–कृष्ण स्वरूपों ने मयूर नृत्य के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर कन्हैया लाल अग्रवाल, सुमित वर्मा, प्रशान्त गोयल, सोना पाठक, दिलीप शर्मा, दिव्यांग अग्रवाल, विजय बंसल, तरूण चैम्बाल, कुशाग्र अग्रवाल, ललित चैम्बाल, अंकुर अग्रवाल एवं विशाल सैनी आदि उपस्थित थे।

निराश्रित गोवंशों को गोशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश

यूनिक समय, मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित और बेसहारा गोवंशों के संरक्षण को लेकर जनपद स्तरीय गो–संरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी निराश्रित गोवंशों को गो–आश्रय स्थलों में सुरक्षित रखा जाए और उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्माणाधीन गौशालाओं की प्रगति की नियमित जानकारी देने और भुगतान समय से कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाकर उनका लिंक कलेक्ट्रेट के इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर से जोड़ने को कहा। गर्मी को देखते हुए हरा चारा, भूसा, शेड और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

अवैध गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। थाना फरह पुलिस और स्वाट टीम ने छापे मारी कर मोटरसाइकिल से गांजा तस्करी कर रहे दो युवको को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29 किलो 760 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। फरह थाना प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल और स्वाट टीम प्रभारी अजय वर्मा को एक सूचना मिली कि अवैध रूप से गांजा तस्कर बाइक से गांजा ले जा रहे हैं। इस सूचना पर चौकी इंचार्ज कस्बा अजय सिंह मलिक और उप निरीक्षक विनीत नेहरा और पुलिस टीम के साथ अछनेरा रोड पर नगला दौजी की पुलिया के समीप टीम ने चेकिंग करना शुरू कर दिया। इसी बीच बाइक से आते दो युवकों को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोक लिया। पुलिस को इनके कब्जे से 29 किलो 760 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस के अनुसार पप्पू उर्फ महेंद्र निवासी बबरौद थाना अछनेरा जनपद आगरा और गोपाल निवासी गांव भाई थाना रिफाइनरी हैं।

29 किलो 760 ग्राम गांजा व बाइक बरामद

ई–केसीसी के माध्यम से होगा जिला सहकारी बैंक में फसली ऋण वितरण

यूनिक समय, मथुरा। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड में किसानों को फसली ऋण वितरण को लेकर बैंक मुख्यालय पर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर ने बैंक अधिकारियों, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न बैंकिंग से संबंधित मंथन किया। उन्होंने बैंक का बकाया एवं एनपीए ऋणों की वसूली सही समय से करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन ऋणियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके वारिसों से नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की जानी चाहिए। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिषेक शुक्ला ने किसानों को ई–केसीसी (इलेक्ट्रॉनिक किसान क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने बताया कि इस माह में करीब 3600 किसानों को ई–केसीसी के माध्यम से ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित रखा है। साथ ही जनपद के ऐसे कृषक, अकृषक परिवार और दस्तकार जो अभी तक बैंकिंग सेवाओं से वंचित हैं, उनके बैंक में बचत खाते खाले जाने चाहिए। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विवेक कौशल, बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दमनलाल शर्मा, उपमहाप्रबंधक सुमित कुमार शर्मा सहित बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

डायरिया चैम्पियंस को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

मुख्य संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया एवं केनव्यू के सहयोग से जिले में संचालित "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम की समीक्षा तथा आगामी स्टॉप डायरिया अभियान की रणनीति को लेकर नगर के एक होटल में बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ ने कहा कि बैठक में डायरिया को लेकर मंथन किया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं आरसीएच के नोडल अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि बच्चों को डायरिया से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए जन–जागरूकता बेहद आवश्यक है। डायरिया से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना जरूरी है। पीएसआई इंडिया के अजय कुमार ने पिछले तीन माह की प्रगति रिपोर्ट तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। नोडल एनयूएचएम डॉ.एस.पी. राठौर ने डायरिया की रोकथाम में जिंक और ओआरएस के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहताश तेवतिया, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. बी.डी. गौतम, डीसीपीएम डॉ. पारुल शर्मा, जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक फौजिया खानम, जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सलाहकार मुकेश गौतम, जेएसआई व पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि चोब सिंह बघेल तथा ब्लॉक व नगर स्तरीय चिकित्सा अधीक्षक, एआरओ, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

आगामी अभियान की रणनीति पर हुआ मंथन

सुरीर में 58 वां देवी मेला 18 से 29 मार्च तक चलेगा

यूनिक समय, मथुरा। ब्रज क्षेत्र के प्रसिद्ध कस्बा सुरीर स्थित देवी मईया एवं श्रीराम मंदिर परिसर में इस वर्ष 58 वां सुरीर देवी मेला आयोजित किया जाएगा। विश्व कल्याण की कामना के साथ यहां 18 से 29 मार्च तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में आयोजन की तैयारियां भी लगभग पूरी कर ली गई हैं। मेला कमेटी के सचिव ठा. गंगाधर सिंह ने बताया कि 18 मार्च को देवी मैया की नगर भ्रमण यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 19 मार्च को कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती तथा रात्रि में भजन–कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन–यज्ञ, आरती और भजन–कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 मार्च को अष्टमी पर विशेष पूजा–अर्चना के साथ भव्य काली झांकी निकाली जाएगी। 27 मार्च को यज्ञ की पूर्ण आहुति दी जाएगी तथा रात्रि में काली झांकी और भक्ति कार्यक्रम होंगे। 28 मार्च को शिव जलाभिषेक, काली झांकी तथा आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 29 मार्च को कुश्ती दंगल के साथ मेले का समापन होगा।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053